विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911


# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 330 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 30 अगस्त 2024 डाक 31 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर नई दिल्ली के अमृत उद्यान में खिलाड़ियों से बातचीत की



**देश-विदेश**
पीड़िता का पोस्टमार्टम करने में हुई छेड़छाड़! कई सवालों के जबाव तलाश रही सीबीआई



**फीचर पेज**
द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल की तैयारी के लिए अर्शिन मेहता ने की कड़ी मेहनत




## एनसीपी नेता के साथ बैठकर उल्टी आती है, शिवसेना नेता के बयान पर मचा बवाल

**मुंबई, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बवाल मचा है। शिंदे सरकार के नेता आपस में ही भिड़ते नजर आ रहे हैं। दरअसल, शिवसेना के मंत्री तानाजी सावंत ने अजित पवार गुट के नेता पर ऐसा बयान दिया जिससे दोनों दलों में तल्खी और बढ़ जाएगी। तानाजी का बयान ये भी दिखा रहा है कि महाराष्ट्र सरकार में सब कुछ सही नहीं है। तानाजी ने आज कहा कि वह कैबिनेट मीटिंग में अपने एनसीपी साथियों के बगल में बैठते हैं, लेकिन बाहर आने के बाद उन्हें उल्टी जैसा महसूस होता है, जिस पर अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री सावंत ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि वह कट्टर शिव सैनिक हैं और




राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं के साथ उनकी कभी नहीं पटी। सावंत ने कहा, भले ही हम कैबिनेट में एक-दूसरे के बगल में बैठते हों, लेकिन बाहर आने के बाद मुझे उल्टी जैसा महसूस होता है। महाराष्ट्र में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में साझेदार हैं। एनसीपी प्रवक्ता और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अमोल मिटकरी ने सावंत की टिप्पणी की निंदा की और पूछा कि क्या गठबंधन को बरकरार रखना केवल उनकी पार्टी की जिम्मेदारी है। एनसीपी नेता ने कहा कि सावंत ने पहले भी ऐसी टिप्पणियां की हैं, जिससे एनसीपी को ठेस पहुंची है। मितकरी ने कहा, हम सिर्फ गठबंधन धर्म निभाने के लिए चुप हैं। एनसीपी नेता ने कहा कि सिर्फ मुख्यमंत्री ही अपनी बेचैनी का इलाज कर सकते हैं। इसके बाद मूर्ति गिरने के कारणों की जांच और नई प्रतिमा के निर्माण के लिए एक तकनीकी समिति गठित कर दी गई थी। समिति में इंजीनियर्स, आईआईटी विशेषज्ञ और नौसेना के अधिकारी शामिल हैं।

## उत्तराखंड समेत पांच राज्यों में ईडी का छापा, भू-माफिया समेत कई के ठिकानों पर पहुंची टीम




**देहरादून 30 अगस्त।** उत्तराखंड में हुए अब तक के सबसे बड़े फर्जी रजिस्ट्री घोटाला मामले में पांच राज्यों में ईडी की कार्रवाई जारी है। ईडी सभी जगह सर्च ऑपरेशन चला रही है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी द्वारा दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, असम, पंजाब के लुधियाना सहित कुल डेढ़ दर्जन लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन चला रही है। यह कार्रवाई कई भू माफिया, रजिस्ट्री कार्यालय में कार्यरत सरकारी कर्मचारी - अधिकारी, सरकारी वकील सहित कुछ बिल्डर के लोकेशन पर चल रही है।

### एनआईए की छापेमारी, अधिवक्ता पंकज त्यागी के घर 6 घंटे से चल रही जांच

***सोनीपत।*** *हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले पंकज त्यागी के घर पर एनआईए ने छापेमारी की है। सोनीपत में स्थित वर्धमान गार्डेनिया टावर रायपुर में 11वीं मंजिल 1101 नंबर फ्लैट में छापेमारी चल रही है। हरियाणा पुलिस के एक इंस्पेक्टर, दो महिला पुलिस और छह कांस्टेबल छापेमारी में शामिल हैं। बताया गया कि सुबह 5 बजे से जांच चल रही है। लखनऊ में दर्ज हुआ था मामला शुरुआती जांच में सामने आया कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पंकज त्यागी के खिलाफ एक मामला दर्ज हुआ है। माना जा रहा है कि उसी को लेकर छापेमारी की गई. एसबीआई बैंक से संबंधित कोई मामला है। हालांकि, पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है।*

## शिवाजी की प्रतिमा ढहने के मामले में बड़ी कार्रवाई संरचना सलाहकार चेतन पाटिल गिरफ्तार

**मुंबई, 30 अगस्त [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची मूर्ति प्रतिमा ढहने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एफआईआर में नामजद संरचनात्मक सलाहकार चेतन पाटिल को कोल्हापुर से गिरफ्तार किया है। कोल्हापुर के पुलिस अधीक्षक महेंद्र पंडित ने बताया कि चेतन पाटिल को कल देर रात हिरासत में लिया गया और आगे की जांच के लिए सिंधुदुर्ग पुलिस को सौंप दिया गया। सिंधुदुर्ग पुलिस के मुताबिक, मामले में चेतन को गिरफ्तार किया गया है। कोल्हापुर निवासी चेतन ने बुधवार को दावा किया था कि वह इस परियोजना के लिए संरचनात्मक सलाहकार नहीं थे। मराठी समाचार चैनल से बात करते हुए मूर्तिकार जयदीप आप्टे के साथ एफआईआर में नामजद चेतन ने कहा था कि उन्होंने राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के माध्यम से भारतीय नौसेना को मंच का डिजाइन सौंपा था, लेकिन मूर्ति से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

चेतन ने कहा कि ठाणे स्थित एक कंपनी ने मूर्ति का काम किया। मुझे केवल उस मंच पर काम करने के लिए कहा गया था, जिस पर मूर्ति खड़ी की जा रही थी। तटीय कोंकण के मालवन में सतरहवीं सदी के मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण पिछले साल नौसेना दिवस यानी 4 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

## रिलीज से पहले मुश्किलों में कंगना की फिल्म इमरजेंसी, तेलंगाना में प्रतिबंध लगाने की तैयारी!



**हैदराबाद, 30 अगस्त।**

कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज से पहले ही मुश्किलों में फंसती नजर आ रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सिख समुदाय के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य में कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगी। रेड्डी सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने इसकी जानकारी दी है। दरअसल, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की पूर्व अधिकारी तेजदीप कौर मेनन के नेतृत्व में तेलंगाना सिख सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में शब्बीर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की।

### ममता बनर्जी के बेटा-बेटी नहीं है, वो बच्चा गंवाने का दर्द नहीं समझ सकतीं, दुष्कर्म पीड़िता की मां का फूटा गुस्सा

***कोलकाता 30 अगस्त।*** *कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में दरिंदगी की शिकार पीड़िता महिला चिकित्सक की मां ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को फिर निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बुधवार को जो कहा, उससे हमें बहुत दुख हुआ कि परिवार न्याय नहीं चाहता। पूरा देश हमारी बेटी के लिए न्याय की मांग कर रहा है और हम न्याय नहीं चाहेंगे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को बेटा या बेटी नहीं हैं। इस वजह से वो बच्चा गंवाने का दर्द नहीं समझ सकतीं।*

## रामदास सोरेन बने हेमंत सरकार के नए मंत्री, राज्यपाल ने दिलाई शपथ



**घाटशिला- रांची, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

घाटशिला से निर्वाचित विधायक रामदास सोरेन हेमंत मंत्रिमंडल के नए सदस्य बने हैं। उन्होंने आज यानी शुक्रवार (30 अगस्त) को राजभवन में मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, हफीजुल हसन, इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, कैबिनेट सचिव वंदना दादेल, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में रामदास सोरेन के समर्थक एवं परिवार के सदस्य भी पहुंचे थे।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा







## हैदराबाद में मिलाद उन नबी जुलूस को किया गया स्थगित, सीएम रेवंत रेड्डी ने बैठक के बाद किया फैसला



**हैदराबाद, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

मिलाद उन नबी समिति के प्रतिनिधियों ने 19 सितंबर को मिलाद उन नबी जुलूस निकालने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने 16 सितंबर को पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन को बड़े धूमधाम से मनाने का फैसला किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मिलाद उन नबी व्यवस्था पर एक समीक्षा बैठक की। सात सितंबर से 17 सितंबर तक गणेश नवरात्रि उत्सव के आयोजन पर भी बैठक में बात की गई। मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों ने मिलाद उन नबी के सदस्यों को जुलूस स्थगित करने का सुझाव दिया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर, श्रीधर बाबू, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी और एआईएमआईएम फ्लोर लीडर अकबरुद्दीन ओवैसी को मिलाद उन नबी समिति के साथ इसपर चर्चा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। एक अलग बैठक आयोजित करने के बाद, समिति के सदस्यों ने जुलूस को स्थगित करने के सरकार के फैसले पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। मिलाद उन नबी के सदस्यों ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद की 1499वीं जयंती 16 सितंबर को मनाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अनुरोध किया कि अगले साल 1500वीं जयंती के मौके पर उन्हें साल भर चलने वाले समारोह आयोजित करने की अनुमति दी जाए। इस पर सीएम ने कहा कि नियम के अनुसार उन्हें अनुमति दी जाएगी। इस खास मौके पर मस्जिदों को सजाने और जुलूस निकालने की तैयारियों पर सीएम रेवंत रेड्डी ने मिलाद उन नबी समिति को समारोह को लेकर एक लिस्ट तैयार कर उसे जमा करने का सुझाव दिया। सीएम ने मुख्य सच्व शांति कुमारी को इस मामले को देखने और उचित व्यवस्था करने के आदेश दिए।

### यूपी विधानसभा उपचुनाव को लेकर गरमाई सियासत, अखिलेश के गढ़ में बसपा बना रही जीत की रणनीति

**मैनपुरी।** लोकसभा चुनाव में पराजय पर मंथन के बाद बसपा करहल विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पार्टी ने कैडर वोट बैंक को मनाने और रिझाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। साथ में पार्टी करहल के कार्यकर्ताओं से राय लेने की भी तैयारी कर रही है। करहल विधानसभा सीट पर उप चुनाव की तिथि तो तय नहीं हुई है, लेकिन बसपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। मैनपुरी संसदीय सीट से बसपा प्रत्याशी शिवप्रसाद यादव को लोकसभा चुनाव में 66814 वोट ही मिले थे।



## अमेरिका में छह करोड़ लोगों पर मौसम की मार, प्रचंड गर्मी और लू की चेतावनी जारी

**वॉशिंगटन, 30 अगस्त [एजेंसी]।**




अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्यों में लू (हीटवेव) ने जमकर कहर बरपाया। यहां प्रचंड गर्मी और लू ने तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की। इस वजह से छह करोड़ लोगों पर खतरा मंडरा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। एनडब्ल्यूएस के मुताबिक, शिकागो, डेस मोइनेस और टोपेका जैसे मध्य-पश्चिमी क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ रही है। यहां के शहरों पर देर से आने वाले उच्च दबाव वाले सिस्टम की वजह से लंबे समय तक प्रचंड और हर बार के मुकाबले कहीं ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ रही है। लोगों को हीटवेव, गर्मी और उमस के खतरों के बारे में चेतावनी दी है।

अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्यों में खतरनाक गर्मी से बचने को लेकर तैयारी करनी शुरू कर दी है। इसके लिए सार्वजनिक कूलिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। अत्यधिक गर्मी और नमी की वजह से संयुक्त राज्य अमेरिका में कई जानें जाती हैं। मौसम से संबंधित आपदाओं में यह सबसे बड़े खतरों में से एक है। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, देश में हर साल लगभग 1,220 लोग अत्यधिक गर्मी से मारे जाते हैं।

## आजादी के बाद महिलाओं को देश के विकास में योगदान देने से वंचित रखा गया, राजनाथ सिंह का बयान

**तिरूवनंतपुरम, 30 अगस्त [एजेंसी]।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि स्वतंत्रता के बाद महिलाओं को इस देश के विकास में सक्रिय योगदान देने से वंचित रखा गया, लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है। रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ी हिस्सेदारी का उदाहरण दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब मैं गृह मंत्री था तो मैंने सभी राज्यों को निर्देश जारी किए थे कि वे अपने राज्य के सुरक्षा बलों में एक तिहाई सीटें महिला उम्मीदवारों से भरें।

## दादी-पोते की बेरहमी से पिटाई, टीआई समेत 6 पुलिसकर्मी निलंबित

**भोपाल, 30 अगस्त [एजेंसी]।**



मध्य प्रदेश सरकार ने कटनी जिले में एक महिला और उसके पोते की पिटाई के मामले में थाना प्रभारी सहित राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के छह कर्मचारियों को गुरुवार को सस्पेंड कर दिया। विपक्षी दल कांग्रेस ने दावा किया कि पीड़ित दलित थे। मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए, कांग्रेस नेताओं ने कटनी के एक थाने के अंदर धरना दिया और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संतोष देहरिया ने बताया, ''पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है।

हमने इसे उचित तरीके से लिया है और शिकायत रजिस्टर में इसकी एंट्री की है तथा प्रदर्शनकारियों को रसीद दी है। रोजनामचा (दैनिक रिकॉर्ड रजिस्टर) में भी इसकी एंट्री की गई है। इसे ऑनलाइन भी अपडेट किया गया है।'' एएसपी ने बताया कि कांग्रेस नेता चाहते थे कि शिकायत ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिये दर्ज की जाए और अब इसे जीआरपी पुलिस थाने को भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरोपी जीआरपी कर्मी घटना की जांच कर रहे डीआईजी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराएंगे तथा जीआरपी थाना द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि इस घटना ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दलित समुदाय के प्रति तानाशाही वाले रवैये को उजागर किया है। पटवारी ने कहा कि छह पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया और उन्हें अपनी नौकरी में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा क्योंकि हम उनके खिलाफ अदालत जाएंगे। कांग्रेस अधिकारियों को चेतावनी दे रही है कि वे (सत्तारूढ़) पार्टी के एजेंट के रूप में काम न करें। उन्हें नियम पुस्तिका के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के विरोध के बाद ही एफआईआर दर्ज की गई।

# मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत मापदण्ड के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं कराए जाने वाले सचिव और उप अभियंताओं पर वसूली की कार्यवाही करने कलेक्टर ने पाली एसडीएम को दिए निर्देश

कोरबा । मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत सीसी सड़क निर्माण कार्यों में मापदंड के अनुसार कार्य नहीं कराए जाने एवं त्रुटि पूर्ण माप दर्ज करने के संबंध में संबंधित सरपंचों के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में पाली-तानाखार विधायक द्वारा कलेक्टर को आवेदन देकर संबंधित सरपंचों एवं इंजीनियरों पर भी कार्यवाही की मांग की गई थी। कलेक्टर अजीत वसंत ने विधायक से प्राप्त पत्र का परीक्षण कराया। उन्होंने निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जिम्मेदारी सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव तथा कार्य का मूल्यांकन करने वाले संबंधित उप अभियंताओं का होने के आधार पर संबंधित सचिव और उप अभियंताओं से वसूली योग्य शासकीय राशि वसूली करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम करतली, बतरा, पोलमी और बुड़बुड़ में कराए गए कार्य के विरूद्ध जांच में प्रस्तावित वसूली योग्य राशि वसूलने के निर्देश एसडीएम पाली को दिए। इस संबंध में बताया गया है कि जनपद पंचायत पाली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में ग्राम पंचायत करतली में सीसी रोड निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। कुल 09 सीसी रोड कार्य स्वीकृत किए गए थे। उक्त कार्यों की जांच हेतु कार्यालय कलेक्टर के आदेश क्रमांक/8279/2015 09 सितंबर 2015 के द्वारा सत्यापन समिति का गठन किया गया। जिसके परिपालन में संयोजन जिला सत्यापन समिति द्वारा दिनांक 24.11.2015 को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट हुआ कि सी.सी. रोड की गुणवत्ता मानक अनुरूप नही है। तदसंबंध में कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा) कटघोरा को उक्त संबंध में वसूली की कार्यवाही हेतु पत्र जारी किया गया। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दंडाधिकारी कटघोरा के पत्र क्रमांक/13/दिनांक 01.01.2020 के द्वारा उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच के विरूद्ध मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत सी.सी. रोड निर्माण कार्य में कार्यो की जांच पश्चात मूल्यांकन राशि मे अंतर की राशि की वसूली हेतु छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किये जाने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ। प्रकरण दर्ज होने के पश्चात एक अन्य समान मामले में सरपंच ग्राम पंचायत पोलमी जनपद पंचायत पाली के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) में दर्ज प्रकरण के विरूद्ध उच्च न्यायालय में वाद दायर किया गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम पंचायत पोलमी के संबंध में पारित आदेश में सरपंच के द्वारा उठाये गये मुददो का निराकरण करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए।उपरोक्त निर्देश के परिपालन में तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव करतली, बतरा, पोलमी, बुड़बुड़ और तत्कालीन उप अभियंता (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) जनपद पंचायत पाली श्रीमती विनीता सोनी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इस संबंध में तत्कालीन उप अभियंता श्रीमती विनीता सोनी का जवाब प्राप्त हुआ है, जो कि संतोष जनक नहीं है। इसके अलावा अन्य कर्मचारियों द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। जो कि शासकीय कार्यों के प्रति घोर लापरवाही प्रदर्शित करता है।

चूंकि निर्माण कार्य जिसमें ग्राम पंचायत एजेंसी होती है उसमें निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जिम्मेदारी सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव तथा कार्य का मूल्यांकन करने वाले संबंधित उपअभियंता की भी होती है। निर्माण कार्य हेतु किसी भी राशि का भुगतान सरपंच एवं ग्राम पंचायत सचिव दोनों के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है। चूंकि ग्राम पंचायत करतली के निर्माण कार्य का मूल्यांकन करने वाले तत्कालीन उपअभियंता (ग्रा.या.से.) ज.पं. पाली बी.एस. कंवर की मृत्यु हो चुकी है। अतएव उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव के विरूद्ध समान अनुपात में कुल राशि 04,62,510 की वसूली की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। 50 प्रतिशत की राशि संबंधित ग्राम पंचायत सचिव करतली से उनके वेतन से मासिक किश्त के आधार पर वसूली की कार्यवाही संबंधित विभाग के स्थापना शाखा से की जाएगी। कलेक्टर ने एसडीएम पाली को ग्राम पंचायत करतली के सरपंच से वसूली योग्य 50 प्रतिशत राशि 231255.00 की वसूली कर की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

इसी तरह जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बतरा में कुल 08 कार्य, ग्राम पंचायत पोलमी में कुल 07 कार्य और ग्राम पंचायत बुड़बुड़ में कुल 05 कार्य मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत कराया गया। उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच, तत्कालीन सचिव एवं तत्कालीन उपअभियंता तीनों के विरूद्ध समान अनुपात में प्रस्तावित वसूली की राशि में वसूली की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव एवं तत्कालीन उप अभियंता से उनके वेतन से मासिक किश्त के आधार पर वसूली की कार्यवाही संबंधित विभाग के स्थापना शाखा से की जायेगी। कलेक्टर ने सरपंच के विरूद्ध वसूली योग्य राशि, कुल वसूली योग्य राशि का एक तिहाई (1/3) ग्राम पंचायत बतरा सरपंच से वसूली राशि क्रमशः 67761.00 रूपये, पोलमी 86964.33 रूपये और ग्राम पंचायत बुड़बुड़ के सरपंच से 276529.66 रूपये वसूली कर की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश एसडीएम पाली को दिए हैं। पाली एसडीएम ने बताया है कि अभी इस प्रकरण में किसी भी सरपंच के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं कि गई है। वसूली की प्रक्रिया जारी है।

# सिर्फ अंक नहीं, असली मूल्यांकन आपकी समझ और प्रगति का मापदंड है- डॉक्टर संजय गुप्ता



कोरबा। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीआरटी ने एक नया मूल्यांकन मॉडल सुझाया है । इसमें प्रस्ताव है कि कक्षा 9 10 और 11 के छात्रों के प्रदर्शन को उनके कक्ष 12 के बोर्ड परिणाम में योगदान देना चाहिए। जुलाई में जारी रिपोर्ट शिक्षा बोर्ड में समानता स्थापित करने पर सुझाव दिए गए हैं। रिपोर्ट में कक्षा 10 और 12 के लिए प्रगतिशील मूल्यांकन रूपरेखा का सुझाव दिया गया ।नई रूपरेखा शैक्षणिक वर्ष को दो अवधियों में विभाजित करती है कक्षा 12 के बोर्ड के नतीजे में कक्षा 9 ,10 और 11 के अंक शामिल किए जाने के लिए सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में उल्लेख है कक्षा 9 से कक्षा 12 तक रचनात्मक और योगात्मक अंकों का भार क्रमिक रूप से समायोजित किया जाएगा। इससे शिक्षार्थियों के ग्रेड में आगे बढ़ाने के साथ योगात्मक मूल्यांकन पर जोर बढ़ेगा। कक्षा 9 में 7त्न रचनात्मक और 30त्न योगात्मक विभाजन ,कक्षा 10 में समान 50त्न रचनात्मक और योगात्मक विभाजन, कक्षा 11 में 40त्न रचनात्मक और 60त्न योगात्मक वितरण और कक्षा 12 में 30त्न रचनात्मक और 70त्न योगात्मक अनुपात है।

*प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों की जानकारी में इजाफा करते हुए बताया कि* एनसीईआरटी के नए मूल्यांकन पद्धति में उल्लेख किया गया है कि माध्यमिक चरण के अंत में संचयी अंक कक्षा 9वी के लिए 15त्न कक्षा 10 के लिए 20त्न कक्षा 11 के लिए 25त्न और कक्षा 12 के लिए 40त्न है ।इसका अर्थ यह है कि पिछले कुछ सालों में छात्रों का प्रदर्शन उनके अंतिम अंकों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । कक्षा 9 से 12 तक के शिक्षार्थियों के लिए सुझाया गया है कि मूल्यांकन का ढांचा एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाएगा, जो शिक्षार्थियों की प्रगति का समग्र दृष्टिकोण प्रदान करने हेतु सहायक होगा और योगात्मक अर्थात अंतिम अवधि के दोनों मूल्यांकन विधियों को संतुलित करेगा। कक्षा 10 और 12 के लिए मूल्यांकन ढांचे को दो अवधियों में विभाजित किया जाएगा। कक्षा मूल्यांकन में पोर्टफोलियो मूल्यांकन , स्व - मूल्यांकन ,सहकर्मी मूल्यांकन ,शिक्षक अवलोकन ,समूह कार्य और प्रयोगशाला गतिविधियां शामिल होंगी। अंतिम अवधि मूल्यांकन अर्थात आईटीएमएस का उपयोग योग्यता - आधारित मूल्यांकन के साथ जारी रहेगा। इसमें शिक्षक प्रश्न बैंक से चयन करेंगे ।टर्म - 2 में प्रोजेक्ट वर्क , वाईवा, के साथ पेपर प्रेजेंटेशन और ग्रुप डिस्कशन के साथ रचनात्मक मूल्यांकन भी शामिल होंगे ।डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि मूल्यांकन की इस पद्धति से विद्यार्थियों का वास्तविक स्त शिक्षक और अभिभावक जान पाएंगे। यदि शिक्षक पूरी ईमानदारी से मूल्यांकन के कार्य को संपन्न करें तो हमारे समक्ष विद्यार्थी की वास्तविक प्रगति प्रस्तुत होगी। इसका सबसे बड़ा लाभ यह भी होगा कि कई विद्यार्थी 9वीं और 11वीं कक्षा को सीरियसली नहीं लेते ।यह सोचकर कि इसका पेपर तो स्कूल में ही जांचा जाएगा। होम एग्जाम्स को गंभीरता से विद्यार्थियों के द्वारा नहीं लिया जाता है ,उनको यह पता चलेगा कि प्रत्येक कक्षा के प्रति उन्हें गंभीर होना पड़ेगा ,अन्यथा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उसका असर दिखेगा ।यह इस दृष्टि से भी भी महत्वपूर्ण है ।तात्पर्य यहभाई की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विद्यार्थी शिक्षा वा ज्ञान के करीब आयेंगे और अध्ययन के प्रति गंभीर होंगे।

## सितंबर में होने वाले कोरबा बैडमिंटन लीग 2024 का जिलाधीश ने किया पोस्टर का अनावरण



कोरबा । कोरबा जिले में एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के तत्वावधान में सितंबर में होने जा रहे कोरबा बैडमिंटन लीग 2024 (केबीएल), सीजन 1 की घोषणा कर दी गई। एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के पदाधिकारियों की मौजूदगी में कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के हाथों चैंपियनशिप के पोस्टर का अनावरण किया। इस अवसर पर एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के पदाधिकारियों ने कहा कि कोरबा बैडमिंटन लीग 2024 एक प्रीमियर कॉर्पोरेट बैडमिंटन चैंपियनशिप है।एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यह इंटर कॉरपोरेट बैडमिंटन लीग कोरबा जिला सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट बैडमिंटन प्रतिभाओं को एक साथ लाने का वादा करती है, जो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देती है। आयोजकों ने खेल प्रेमियों से कहा है कि जल्द ही बैडमिंटन के उत्साहजनक मुकाबलों, कुशल खेलों और अविस्मरणीय क्षणों के लिए तैयार हो जाइए। केबीएल के मुकाबले टीम इवेंट में आयोजित होंगे और दो आयु वर्गों में खेले जाएंगे। इसमें 30 वर्ष से 50 वर्ष और 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला व पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। तीन दिनों की कॉर्पोरेट बैडमिंटन कोरबा स्पोर्ट्स फॉर ऑल बैडमिंटन चैंपियनशिप एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के डबल बैडमिंटन कोर्ट में 27, 28 व 29 सितंबर को होगी। एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना ने सभी कॉरपोरेट्स के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने आग्रह किया गया है। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल, सचिव मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स, सदस्य अमरजीत सिंह व नितिन गुप्ता उपस्थित रहे।

## पत्नी की हत्या को करंट लगने से मौत बताने वाले हत्यारें पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

कोरबा। नवब्याहता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने आखिरकार पति को गिरफ्तार कर लिया है। उसने गला दबाकर पत्नी की हत्या करने के बाद उसे करंट से मौत बताने के लिए सारा वातावरण घटनास्थल पर तैयार कर लिया और यही कहानी सबको बताता रहा। पोस्टमार्टम रिपार्ट के बाद तकनीकी तौर पर विवेचना करते हुए पुलिस ने आखिरकार गुनाह कबूल करवा ही लिया। घटना दिनांक 16 अगस्त को महेन्दर दिवाकर पिता रामप्रसाद दिवाकर 24 वर्ष निवासी कटकीडबरी धौराभांठा ने थाना हरदीबाजार में मौत की सूचना दी थी कि वह सुबह 9 बजे रोज की तरह गेवरा स्थित एसईसीएल गैरेज काम पर गया था। दोपहर में खाना खाने घर आया तो देखा कि पत्नि ममता बेडरूम के फ़र्श पर कूलर से सटी हुई मृत अवस्था में पड़ी है। तब वह कूलर का प्लग निकालकर खेत जाकर माता-पिता को घटना के बारे बताया। रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में सीन ऑफ काईम प्रभारी सत्यजीत कोसरिया से निरीक्षण कराया गया। मृतका की पीएम रिपोर्ट मौत का कारण गला घोंटने से होना प्राप्त हुआ जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) बीएनएस कायम किया गया। घटना स्थल तथा शव निरीक्षण व मृतका के पति का मोबाईल नंबर का सीडीआर अवलोकन पर पति महेन्दर दिवाकर संदेही होने पर कड़ाई से पूछताछ किया गया।अन्ततः उसने घटना करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि मृतका ममता से शादी 2 वर्ष पूर्व हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से अपने माता-पिता से अलग रहने लगे थे।

ममता का बच्चा नहीं हो रहा था जिसका ईलाज करा रहा था। ममता अक्सर अपने माता-पिता को छोटी-छोटी बात बताकर शिकायत करती रहती थी, ममता के माता-पिता अक्सर समझाते थे जिससे आरोपी किसी प्रकार की बात को बताने से मना करता था।

## जेसीआई कोरबा सेंट्रल ने प्रशिक्षण शिविर किया आयोजित

कोरबा । कोरबा अंचल में संचालित सशिमं में जेसीआई कोरबा सेंट्रल ने प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश यादव व स्कूल के प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने उच्च शिक्षा हासिल कर छात्रों को आगे बढ़ने प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्कर्ष अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के ट्रेनर सीए आशीष खेतान व प्रवीण जाखड़ी ने छात्रों को जीवन में सफलता पाने टाइम मैनेजमेंट के गुर सिखाए। इस मौके पर घनश्याम अग्रवाल, प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर आशीष टमकोरिया, सचिव प्रतीक, आनंद, कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर दीपक केंवट, अभिषेक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## जल प्रशोधन संयंत्र तक जल आपूर्ति के लिए लगाए पाइप की ऊंचाई घटाई गयी डेढ़ फीट

कोरबा । कोरबा अंचल में अब समय पर जल आपूर्ति शुरू हो गई है। इसके लिए नहर में जल प्रशोधन संयंत्र तक पानी लेकर जाने लगाई गई पाइप की ऊंचाई डेढ़ फीट घटाई गई है। पाइप के फुटबॉल में जलकुंभी फंसने से हर डेढ़ घंटे में सफाई करनी पड़ रही थी। बारिश के मौसम बाद इसे फिर से नीचे किया जाएगा। कोहड़िया जल प्रशोधन संयंत्र (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट) से शहर के सभी 67 वार्डों में जल आपूर्ति की जाती है। इसके लिए नहर के साथ सर्वेश्वर एनीकट से भी पानी लिया जाता है। भारी बारिश की वजह से दर्री बराज से बहकर पानी के साथ जलकुंभी भी आ रही थी, जो पाइपलाइन में फंस जाती थी। इसकी वजह से तीन दिन तक जल आपूर्ति प्रभावित रही।

## आयुष चिकित्सा पद्धति से अधिक से अधिक लोगों को करें लाभांवित: कलेक्टर

कोरबा । कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिला चिकित्सालय के समीप नवनिर्मित आयुष पॉली क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। उन्होंने केंद्र में ओपीडी सहित पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए दी जाने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने आयुष अधिकारी को केंद्र में आयुष चिकित्सा अंतर्गत पंचकर्म एवं क्षारसूत्र चिकित्सा की सभी विधाएँ विकसित करने हेतु निर्देशित किया। जिससे आयुष चिकित्सा के माध्यम से बेहतर व गुणवत्ता पूर्ण ईलाज आम लोगों को मिल सके एवं अधिक से अधिक लोग इसे अपनाकर लाभांवित हो। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं को खिलाई गयी कृमिनाशक टैबलेट

कोरबा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल चैतमा के छात्रों को कृमिनाशक टैबलेट खिलाई गयी।

# कोरबा जिले की 50 बालिकाओं को गुरूकुल में मिलेगा मुफ्त आवासीय कम्प्युटर शिक्षा

कोरबा । जिला प्रशासन कोरबा तथा जशपुर के सौजन्य से जिले की 50 बालिकाओं को जशपुर के नव गुरूकुल शिक्षण संस्थान में निःशुल्क कम्प्युटर शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में जिला प्रशासन कोरबा तथा नवगुरूकुल संस्था के बीच एक एमओयू भी किया गया है। नव गुरूकुल संस्था द्वारा बालिकाओं को डेढ़ वर्ष तक निःशुल्क आवासीय सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग/बिजनेस कोर्स कराया जाएगा। इस दौरान भोजन, आवास, लैपटॉप, वाई-फाई जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएगी। जिले से चयनित होने वाली बालिकाओं का संपूर्ण खर्च जिला प्रशासन कोरबा द्वारा डीएमएफ के माध्यम से वहन किया जाएगा। नव गुरूकुल में प्रवेश हेतु कोरबा जिले के 10वीं ड्रॉप आउट या बारहवीं पास 17 से 29 वर्ष की लड़कियां जिनके परिवार की वार्षिक आमदनी 06 लाख रूपए से कम हो वे इसमें भाग ले सकते हैं। इस संबंध में 01 सितंबर को सुबह 10 बजे सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी बाजार में मेगा सेमीनार एवं प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

कोरबा । राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल लाफा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने खेल दिवस मनाया। प्राचार्य जी.पी. बंजारे के संरक्षण, प्रभारी प्राचार्य पी.के. पाल, कार्यक्रम अधिकारी महाबीर प्रसाद चंद्रा की अगुवाई में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चना की गयी। कार्यक्रम अधिकारी ने खेलों के महत्व को बताते हुए डिजिटल युग में जहां मोबाइल, लैपटॉप, वॉलेट से चिपक कर शारीरिक श्रम से दूर हो रहे बच्चों से रोजाना अपनी रुचि के अनुसार कोई भी खेल खेलने आह्वान किया।

## कृषि स्थायी समिति की बैठक 04 सितंबर को

कोरबा । कृषि स्थायी समिति की बैठक 04 सितंबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सभापति कृषि स्थायी समिति गणराज सिंह कंवर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभा कक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में कृषि विभाग की सभी योजनाओं, उद्यान विभाग तथा मछली पालन विभाग सहित अन्य विषयों पर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मछली पालन विभाग के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



## बिजली हादसों को रोकने बिजली कर्मियों को दी दिया गया प्रशिक्षण

कोरबा । कोरबा जिले में स्थापित एचटीपीपी कोरबा-पश्चिम संयंत्र के ओआरटी कक्ष में जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्युत हादसों की प्रभावी रोकथाम व इनकी वजह से होने वाली जानमाल की क्षति से बचाव को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर बिजली संरक्षा अधिकारी आईपीएस श्री पैकरा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल कर्मचारियों, ठेका कर्मियों को हाईवोल्टेज बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग करने की विधि से अवगत कराया गया। ताकि इनकी वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## भारत माता मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे विधायक

कोरबा । कोरबा जिले के कटघोरा तहसील में राशि के अभाव में भारत माता मंदिर के अधूरे निर्माण को पूरा कराने के लिए? समिति के पदाधिकारियों ने विधायक से 10 लाख रूपए की मांग की ?थी, जो अब तक नही मिलने पर दोबारा मंदिर निर्माण के लिए राशि की मांग करने पहुंचे। जानकारी के अनुसार भारत माता मंदिर का निर्माण मातृ सेवा समिति एवं जन सहयोग से कराया जा रहा हैं। लेकिन राशि की कमी होने की वजह से इन दिनों निर्माण कार्य बंद पड़ा रहा हैं। मंदिर का निर्माण जल्द पूरा कराने के लिए समिति के पदाधिकारी कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से मुलाकात करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने पूर्व में मंदिर निर्माण के लिए विधायक से 10 लाख रूपए मांगने की जानकारी दी ।जिसके बाद विधायक निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान धन्नू दुबे, राजेंद्र टंडन, संजय शर्मा, पार्षद अर्चना अग्रवाल, लक्ष्मी गर्ग, समरजीत के अलावा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

# खेल अलंकरण में कोरबा का दबदबा



कोरबा। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन 29 अगस्त को पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडीटोरियम, रायपुर में दोपहर 12:00 बजे से किया गया। समारोह में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिये खिलाड़ियों को अलंकरण पुरस्कार प्रदान किया गया।

कोरबा जिला से शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2021-22 से किक बाक्सिंग खेल में कु. श्रेया शुक्ला, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2022-23 से किक बाक्सिंग खेल में कृष्ण कुमार डड़सेना को अलंकृत किया जाएगा। इसी प्रकार उक्त आयोजन में वर्ष 2021-22 हेतु किक बाक्सिंग खेल में कृष्ण कुमार डड़सेना, तुषार सिंह ठाकुर, सानू मेहराज, भूपेन्द्र पटेल, प्रभात कुमार साहू, हिमांशू यादव, श्रेया शुक्ला, कृति शर्मा, अनु शर्मा, सृष्टि मिश्रा, अशोक साहू, तथा वर्ष 2022-23 हेतु किक बाक्सिंग खेल में कृष्णा कुमार डड़सेना, तुषार सिंह ठाकुर, सोमेश साहू, अंकुश लाल यादव, अशोक साहू, चंदन पटेल, हिमांशु यादव, श्रेया शुक्ला, अनु शर्मा, पूर्णा साहू, रमनदीप कौर, सोनिया शर्मा, आदित्या पाल, लोकिता चौहान, रेहाना फातिमा को नगद राशि सम्मान प्रदाय किया जाएगा। सभी खिलाड़ी सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा में प्रशिक्षित हैं।छग किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि सन 2006 से लगातार किकबाक्सिंग खेल कोरबा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित किया जा रहा है। इस खेल का मुख्यालय सी एम ए किकबॉक्सिंग एकेडमी कोरबा मुख्यालय है। इस खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड एसोसिएशन आफ किकबाक्सिंग आर्गेनाइजेशन (वाको) को को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से मान्यता है, साथ ही राष्ट्रीय इकाई वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन को के आधार पर संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर छत्तीसगढ़ शासन ने एसोसिएशन को विभागीय मान्यता प्रदान कर दी है।छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के खिलाड़ियों को शासन द्वारा प्रदाय किए जाने वाले खेल अलंकरण, नगद पुरस्कार, खेल वृत्ति हेतु इन्होंने राज्य शासन का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि राज्य शासन की इस पहल से निश्चित तौर से किकबाक्सिंग खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है और वे जोर शोर से आने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी में लग गए हैं। इस अवसर पर वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदीवान, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल,जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, सहायक खेल प्रभारी रामकृपाल साहू, सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी ,प्रतिभा राय, रेहाना फातिमा, अंतराष्ट्रीय रेफरी देवसागर साहू, पूजा पांडेय, राहुल मोदी, शैलेश सिंह सोमवंशी, विकास नामदेव,प्रभात साहू अशोक साहू, जुनैद आलम, मयंक डडसेना, अंकुश लाल यादव, रमेश साहू , शुभम यादव, लोकिता चौहान, हिमांशु यादव, सोमेश साहू, सानू मेहराज, रमनदीप सिंह, आदित्या पाल,कपिल पटेल, अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

## जाति प्रमाण पत्र: महापौर को मिला स्टे

कोरबा। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पार्थ गौतम ने कोरबा नगर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने से सबंधित मामले में अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सतीश चन्द्र ने बताया की छानबीन समिति द्वारा जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिए जाने के संबंधित मामले में महापौर के द्वारा अपील की गई थी। उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए अगली तिथि तक संबधित निर्णय पर रोक लगा दी हैं। इस व्यवस्था से महापौर राजकिशोर प्रसाद को राहत मिली है.



# कुचैना में धूमधाम से मना जन्माष्टमी का पर्व



**बाकी मोगरा।** कोरबा जिले के वार्ड 62क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुचेना में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

आपको बता दें कि यहां हर साल आयोजन में एक नया पन देखने को मिलता है। इस बार भी जन्माष्टमी प्रतियोगिता में सबसे पहले छोटे बच्चों के लिए जमीन में मटकी, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़,रखी गई थी, वहीं मटकी फोड़ में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया ।जिसमें मटकी ऊपर में बांधी गई थी और मटकी फोड़ने के लिए युवाओं को एक दूसरे के कंधे पर चढ़कर मटकी फोड़े। कुचेना में 6 मटकी फोड़े गये। रहमान खान - अध्यक्ष युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा और हम सब एक युवा सेवा समिति कुचेना द्वारा सभी विजेता को 501रुपए नगद और श्रीफल पुरस्कार दिया गयापोल ग्रीस मटका फोड़ में 3100 रुपए और शिल्ड पुरस्कार दिया गया कार्यक्रम का आयोजक -रहमान खान अध्यक्ष युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा जी कर रहे थें । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि- ,फीरत सिंह कंवर जी खेमचंद शर्मा जी, बी आर बंजारे,केजू खान जी, चैत राम चौहान जी, बुधवार सिंह जी ,हर प्रसाद तिवारी जी,रनमत चौहान जी,छेदी लाल कोटवार जी, निर्मल यादव जी, अशोक कंवर जी,शिपाल कंवर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि- गोविंद चौहान जी, प्रहलाद सिंह जी,रामनाथ चौहान जी,हरि राम यादव जी,घासी राम कर्ष जी,नूर मोहम्मद जी, नारायण कंवर जी, धीरपाल कंवर जी,सफी खान, सतपाल कंवर जी समिति के अध्यक्ष -शशि रंजन, उपाध्यक्ष- अभिनय कंवर, प्रमोद कंवर, कोषाध्यक्ष- निरज बंजारे,मुकेश कंवर,सचिव -राहुल मिर्जा, हेमत गोसाईं,सहित बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महिला ने ससुराल में लगाई फांसी

**पामगढ़।** पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेंऊ में गुरुवार तड़के लगभग 4 से 5 बजे के बीच एक नवविवाहित महिला ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । महिला का कुछ महीने पहले लव मैरिज हुई थी। घटना की सूचना परिजनों ने थाना और मृतका महिला के मायके वाले को दी है। फिलहाल आत्महत्या का कारण पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस के अनुसार त्रिजेय यादव निवासी कंवरपारा ग्राम पंचायत मेंऊ ने नक्टीडीह निवासी टिंकल यादव उम्र 20 वर्ष से पिछले साल जनवरी फरवरी माह के बीच में लव मैरिज की थी। त्रिजेय यादव पेशे से रोजी मजदूरी का काम करता है। इधर गुरुवार की सुबह उसकी पत्नी ने घर के ही बगल स्टोर रूम पर साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतका महिला के पति ने घटना की सूचना कोटवार के माध्यम से पामगढ़ थाना में दी है। सूचना पर पहुंची पामगढ़ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले में मार्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### शोक समाचार

#### महावीर सिंह ठाकुर

**बाराद्वार।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नोटरी महावीर सिंह ठाकुर उम्र 73 वर्ष का 26 अगस्त की रात्रि 8 बजे रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। । उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 27 अगस्त को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र अभिषेक सिंह ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में सक्ती, चांपा, बिलासपुर सहित नगर के गणमान्य नागरिक अधिवक्ता, तहसील कार्यालय बाराद्वार के समस्त स्टाफ बड़ी संख्या में शामिल हुए।

#### धरम लाल साहू

**सक्ती।** ग्राम केसला के प्रतिष्ठित नागरिक कमलेश राठौर के पिता धरम लाल साहू का 82 वर्ष की आयु में गुरुवार अगस्त 27 की सुबह 5 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्रवधु एवं चार नाती-नातिन का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम केसला स्थिति मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं सजातीय बंधुओं के अलावा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# जांजगीर पेंड्री मार्ग के गड्ढे से लोगों को जान का खतरा

## विभागीय उदासीनता से 1 किलोमीटर का सड़क भी नहीं बन पा रहा

-सीताराम नायक-

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर शहर के समीप ग्राम पेंड्री का सड़क पूरी तरह से गड्ढो में तब्दील हो गया है जहां अत्यधिक सड़क खराब होने के कारण लोग इस रास्ते से आने जाने से कतराते हैं तो वही सड़क में अनेकों गड्ढे होने से रोजाना लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। विभागीय उदासीनता के कारण जनता परेशान हो रही है। जिसकी मरम्मत तक अगर कर दिया जाता है तो लोगों को कुछ राहत मिल जाएगी । कहने को तो जिला मुख्यालय के पास का गांव है किंतु दीपक तले अंधेरा वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रहा है। जांजगीर शहर के कृषि उपज मंडी चौक से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग तक लगभग 1 किलोमीटर की दूरी का सड़क पूरी तरह से गड्ढो में तब्दील हो गया है बावजूद इसके इस ओर ना तो विभागीय अमला ध्यान दे रहा है और ना ही जिला प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों को यह दिखाई दे रहा है नतीजा यह है कि इस राह से आने जाने वाले लोगों को जान हथेली पर रखकर आना-जाना पड़ रहा है।





वैसे तो जांजगीर कचहरी चौक से लेकर पेंड्री के राष्ट्रीय राजमार्ग तक की सड़क को पूरी तरह से डिवाइडर युक्त बनाना चाहिए क्योंकि धीरे-धीरे पेंड्री ग्राम पंचायत अब शहर का स्वरूप लेने लगा है। यहां की बढ़ती आबादी एवं मार्ग में बढ़ते यातायात के दबाव को ध्यान में रखते हुए इस सड़क का चौड़ीकरण कर डिवाइडर युक्त निर्माण किया जाना चाहिए,परंतु देखा जा रहा है कि बरसात में बने गड्ढो को ही पाटने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। लगातार रखरखाव एवं मरम्मत के अभाव में जांजगीर पेंड्री मार्ग का यह सड़क अब पूरी तरह से खेत खलिहानों से भी बदतर हो गया है जिसमें आवागमन करने वाले लोगों को गिरने से जान जाने का डर बना हुआ है।

ज्ञात हो कि इस रोड से लगभग 100 से अधिक गांव जुड़े हुए हैं तथा शिवरीनारायण, नवागढ़, केरा, सलखन जैसे बड़े नगर एवं गांव के लोग यहां आते-जाते रहते हैं जिला मुख्यालय होने के कारण इस मार्ग में यातायात का दबाव भी अधिक है लेकिन पेंड्री गांव के लगभग 1 किलोमीटर की सड़क की हालत देखने लायक है जिसे सुधारा तक नहीं जा रहा जो दुख क विषय है । रोजाना लोग सड़क के गड्ढो में गिर रहे हैं और लोगों का कपड़ा खराब होने के साथ-साथ लोगों का हाथ पैर टूट रहा है परंतु आम लोगों की इस पीड़ा को जिला प्रशासन के अधिकारी नहीं देख पा रहे हैं। बरसात के पानी भरे होने के कारण यह भी पता नहीं चलता कि कौन सा गड्ढा कितना गहरा है जिसमें धोखा खाकर दो पहिया वाहन चालक गिर जाते हैं।

यहां यह बताना भी आवश्यक है कि इस मार्ग में पेट्रोल पंप एवं स्कूल आदि भी संचालित हो रहा है जहां आने जाने वाले लोगों को भी इससे परेशानी होती है जबकि जिला मुख्यालय होने के नाते इस मार्ग को सबसे सुंदर एवं व्यवस्थित होना चाहिए। परंतु विभागीय उदासीनता के कारण लोग भरे बरसात में दुख पा रहे हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि इसी मार्ग के पास एफ सी आई का गोदाम है जहां राइस मिलरो को चावल जमा करने के लिए भारी वाहनों से माल भेजना पड़ता है वही किसानों के खाद के गोदाम भी यहीं होने के कारण खाद परिवहन भी इसी मार्ग से होकर होता है जिसमें भारी भरकम वाहने माल लाते ले जाते समय कीचड़ में फंस जाते हैं। इस व्यस्ततम सड़क को जिला प्रशासन को अति शीघ्र बनवाना चाहिए नहीं तो किसी भी दिन अक्रोशित जनता जिला प्रशासन के ऊपर अपना आक्रोश निकाल सकती है।

दुःख तो तब होता है तब यहां राजनीतिक दलों के अनेक नेता विद्यमान है परंतु जनहित के मुद्दे को लेकर न जाने इन्हें क्या सांप सूंघ जाता है भाजपा हो या कांग्रेस बसपा हो या राकपा,आदमी पार्टी हो या अन्य कोई राजनीतिक दल किसी भी राजनैतिक दल के नेताओं को यह विकराल समस्या दिखाई नहीं दे रहा है जिनके सुस्त रवैया को देखकर अधिकारी वर्ग भी मनमौजी हो गए हैं। बहरहाल जनता खराब सड़कों के कारण पूरे जिले में हिचकोले खा रही है। क्षेत्रीय विधायक इस मामले में मुकदर्शक बने हुए हैं तो सत्ता पक्ष के नेताओं को इससे कोई मतलब नहीं है। नतीजा जनता पीस रही है।

# नो एंट्री के बाद भी दौड़ रहे हैं भारी वाहन

**जांजगीर नैला।** कलेक्टर के आदेश को भी मातहत अधिकारी बैंका दिखा रहे हैं। इसका पालन नहीं किया जा रहा है। जांजगीर-नैला से लेकर बलौदा रोड़ व नगर में जाम व दुर्घटनाओं के मद्देनजर सुबह 6 से रात 9 बजे तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है।

गुरुवार को ही सुबह से देर शाम तक भारी वाहन फर्राटे मारते रहे हैं। शहर व गांव में लगने वाले जाम से निजात दिलाने और भारी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए क्षेत्रिय विधायक राघवेंद्र सिंह की मांग पर कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा बलौदा से जांजगीर मुख्य सड़क पर नो एंट्री लागू की गई थी। इसमें सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहन का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। नो एंट्री के दौरान कोई भी भारी वाहन को शहर व गांव के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाना है। कलेक्टर के आदेश के बाद भी पुलिस द्वारा नो एंट्री का पालन नहीं किया जा रहा है। दिन व शाम को भारी प्रतिबंधित मार्ग में फरटि मार रहे हैं। इससे शहर के ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। जिस पर न तो प्रशासन ध्यान दे रही है और न ही पुलिस विभाग। शहर में बढ़ी वाहनों की संख्या से यातायात व्यवस्था बेकाबू हो जाती है। वही नगर में भारी वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है। इन सब अव्यवस्थाओं के चलते नो एंट्री में भारी वाहनों की मौजूदगी समस्या को और बढ़ा देती है। साथ ही वर्तमान में बरसात में सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है। ऐसे में भारी वाहन के चलने से राहगीरों व खासकर छात्र- छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी भारी वाहनों की आवाजाही जारी है। लोगों का कहना है कि कलेक्टर के ऐसे आदेश का क्या फायदा ? जिसका पालन नहीं हो रहा है।

# दूधाधारी मठ रायपुर में जन्माष्टमी महोत्सव की धूम



**जांजगीर चांपा।** राजधानी रायपुर स्थित श्री दूधाधारी मठ में जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही श्रद्धा-भक्ति पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में 26 अगस्त की रात्रि 12 बजे भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई जिसमें भक्तजन हजारों की तादाद में सम्मिलित हुए, स्वास्तिक भजन ग्रुप टिकरापारा रायपुर ने इस अवसर पर अपने भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। भगवान का दर्शन प्राप्त कर लोगों ने अपना जीवन धन्य बनाया। 27 अगस्त को दोपहर 2 बजे भगवान की मंगल श्रृंगार आरती संपन्न हुई, इसमें भी लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। दर्शन पूजन के पश्चात् श्रद्धालुओं ने भगवान का भोग प्रसाद प्राप्त किया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने पहले श्री जैतु साव मठ में उसके पश्चात श्री दूधाधारी मठ में भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की । उल्लेखनीय है कि जन्माष्टमी महोत्सव 26 अगस्त से लेकर 29 अगस्त एकादशी तक मनाया जाएगा। भगवान का स्वर्ण श्रृंगार किया गया है इसका दर्शन लाभ श्रद्धालु भक्तजन प्राप्त कर सकते हैं। राजेश्री महन्त महाराज ने अपने संदेश में कहा है कि- जब से श्री दूधाधारी मठ की स्थापना हुई है तब से लेकर आज पर्यंत यहां जन्माष्टमी महोत्सव मनाने की परंपरा है इस वर्ष भी यह अत्यंत श्रद्धा- भक्ति पूर्वक मनाया जा रहा है। लोग भगवान की एक झलक प्राप्त कर अपना जीवन संवार रहे हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर उन्होंने संपूर्ण विश्व के लिए मंगल कामनाएं की है।

# पूर्व सरपंच ने कराया काम, वर्तमान सरपंच नहीं कर रहा भुगतान

**जांजगीर नैला।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम कन्हाईबंद के पूर्व सरपंच ने वर्तमान सरपंच के खिलाफ अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की राशि भुगतान की मांग कलेक्टर सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नवागढ़ व एसडीएम जांजगीर से की है। अपनी शिकायत में नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कन्हाईबंद पूर्व सरपंच राधेलाल राठौर ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में कराए गए निर्माण कार्य की बचत राशि 176033 रुपए वर्तमान सरपंच एकता तिवारी ग्राम कन्हाईबंद द्वारा नहीं दिया जा रहा है। पूर्व सरपंच ने बताया कि वह लकवा ग्रस्त होने के कारण ज्यादा चल फिर सकने में असमर्थ है। उसे तत्काल राशि की आवश्यकता है। ग्राम सरपंच एकता तिवारी द्वारा उनके द्वारा कराए गए रंगमंच निर्माण कार्य की बचत राशि 176033 रुपए की राशि का चेक नहीं काटा जा रहा है। जबकि उक्त निर्माण कार्य का जनपद पंचायत से आंकलन कर सीसी जारी हो चुका है तथा उक्त राशि पंचायत कन्हाईबंद के खाते में जमा हो चुका है। कार्यालय जनपद पंचायत नवागढ़ के 14 अक्टूबर 2022 के द्वारा पंचायत के खाते में उक्त राशि आने के बाद भी लगभग 22 माह के पश्चात भी चेक न काटकर एक लकवा ग्रस्त व्यक्ति को पंचायत में बुलाया जा रहा है।

### महिला सरपंच के पति का हस्तक्षेप

जानकारी के अनुसार चेक काटने के संबंध में बैठक ही नहीं की गई है। सरपंच द्वारा आरोप से बचने के लिए पंचायत के अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर कराकर दूसरे मामलों की चर्चा की जा रही है। सरपंच एकता तिवारी के पति रजनीकांत तिवारी जो वर्तमान में सेवा सहकारी समिति सिवनी में सेल्समेन पद पर कार्यरत है। उनके द्वारा ही ग्राम पंचायत का संचालन किया जा रहा है। साथ ही सरपंच पति पंचायत के हर बैठक में वह उपस्थित रहती है।रंगमंच का निर्माण कार्य पहले से हो चुका है।

*मैं जनवरी माह में पदभार सम्भाली हूं। रंगमंच का बकाया राशि भुगतान एक लाख 76 हजार 33 रुपए भुगतान के संबंध में जनपद पंचायत नवागढ़ से पत्र मिला था। एक बैठक में सरपंच एकता तिवारी द्वारा भुगतान नहीं किए जाने के लिए बोला गया है। मुझे भुगतान राशि देने में कोई आपत्ति नहीं हैं।*

***- हेमलता यादव, सचिव ग्राम पंचायत कन्हाईबंद***

# लाठी पड़ने के बाद विरोध में किया प्रदर्शन



**जांजगीर।** दुर्ग भिलाई में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज व 150 से अधिक कार्यकर्ताओं केर्ि खलाफ केस दर्ज होने के विरोध में कांग्रेसियों ने पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप, जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू सिंह, गुलजार सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव हर प्रसाद साहू, जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया, रफीक सिद्धकी, डॉ. परस शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, नगर कांग्रेस चांपा अध्यक्ष सुनील साधवानी, नागेंद्र गुप्ता, पार्षद रामविलास राठौर, विष्णु यादव, अजीत सिंह राणा, आभाष बोस सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# धुरकोट में जन्माष्टमी पर किया गया पौधरोपण



**जांजगीर।** विकासखंड नवागढ़ के ग्राम धुरकोट में बेलारस भांठा में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्री कृष्ण जी के सबसे प्रिय वृक्ष पीपल का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर 11 पीपल एवं एक बरगद का पौधा एक पेड़ माँ के नाम पर डॉ. परस शर्मा, श्रीमती सरिता शर्मा, आद्धिका शर्मा, कोमल सिंह, ललित सिंह, कमल सिंह देवेन्दु सिंह, वीरू, गोपाल सिंह परमेश्वर को ही साव, राकेश सिंह द्वारा लगाया गया। वृक्षारोपण के बाद सभी पौधों में ट्री गार्ड भी लगाया गया है।सभी लोगों ने इन पौधों को जीवित रखने का संकल्प भी लिया।

## भागवत कथा के शुभारंभ से पहले नगर में निकाली कलश यात्रा



**जांजगीर-चांपा।** नगर के तुस्मा रोड स्थित जय श्री श्याम भवन में जयराम सोनी की ओर से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ बुधवार को भव्य कलशयात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा बड़े मंदिर के पास स्थित उनके निवास से निकलकर साव घाट पहुंची। साव घाट में पूजा-अर्चना कर महानदी से जल लेकर कलशयात्रा भगवान शिवरीनारायण मंदिर पहुंची। मंदिर में पूजा-अर्चना कर कलशयात्रा बड़े मंदिर रोड, थाना चौक, थाना रोड, केरा चौक से तुस्मा रोड होते हुए कथा स्थल श्री श्याम भवन पहुंची। रोजाना दोपहर 2 बजे से शाम तक कथा होगी। कथा पंडित नवीन शर्मा सुना रहे हैं। 28 अगस्त को कलशयात्रा के बाद देव पूजन व भागवत महात्म्य हुआ। उन्होंने बताया 29 अगस्त गुरुवार को परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन व कपिल जन्म, 30 अगस्त शुक्रवार को ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र व आजमिल कथा, 31 अगस्त शनिवार को गजग्राह कथा, वामन अवतार, रामचरित्र व कृष्ण जन्म, 1 सितंबर रविवार को पूतना उद्धार का वर्णन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने एल्बेंडाजोल की दवाई विद्यार्थियों को खिलाई



**सक्ती।** 29 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय में उपस्थित होकर छठवीं, सातवीं और आठवीं में अध्ययनरत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। इसके साथ ही स्वयं भी एल्बेंडाजोल की एक गोली खाई। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्वास्थ्य विभाग से अर्चना तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालयों, अनुदान प्राप्त शालाओं, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के आयु के बच्चों, किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य व पोषण का स्तर, एनीमिया की रोकथाम के लिए बच्चों को 4 सितंबर को कृमि नाशक दवाई खिलाएंगे। जिले में एक से 19 साल तक के आयु वर्ग के सभी बच्चों की जनसंख्या लगभग 2 लाख 77 हजार 665 है।

## दो अग्निशमन वाहन मिले

**सक्ती।** जिले में आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के लिए जिला गठन के बाद दो फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध कराई गई हैं। जिसमें एक वाटर वाउजर और दूसरा फोम टेंडर हैं। वाहन मिलने के बाद इनका ट्रायल कलेक्टर की उपस्थिति में कर लिया गया हैं।

# अपनी गलती से डूबी रकम, अब वापसी की चाह

**जांजगीर- चांपा।** राज्य में नई सरकार बदलने के बाद चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वालों की उम्मीद फिर एक बार जगी है। जिले के 76 हजार 215 निवेशकों ने 223 चिटफंड कंपनियों में 2 अरब 17 करोड़ 40 लाख 70027 रूपए निवेश किया है। इनमें से मात्र एक कंपनी की संपत्ति निलाम कर निवेशकों को 45 लाख रूपए ही लौटाया गया है। जबकि अन्य निवेशकों को फूटी कौड़ी तक नहीं मिली है।

पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के शासन काल में चिटफंड कंपनियों ने जिलेवासियों को खूब लूटा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले में 76215 निवेशकों से 223 चिटफंड कंपनियों ने 2 अरब 17 करोड़ 40 लाख 70027 रूपए निवेश किया था और ये राशि डूब गई। ज्यादातर चिटफंड कंपनियों के कार्यालय बंद हो गए मगर निवेशकों को उनकी राशि नहीं मिली। उनके द्वारा थाने से लेकर न्यायालय तक का चक्कर भी लगाया गया। लेकिन उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। वर्ष 2018 में जब कांग्रेस सरकार बनी तो सरकार ने चिटफंड कंपनियों में डूबे रकम को वापस दिलाने के लिए आवेदन मंगाया। 1 जनवरी 2019 से 15 फरवरी 2023 तक पीड़ितों ने आवेदन जमा किया। तहसील कार्यालयों में निवेशकों की भीड़ लगी और देखते ही देखते 76215 निवेशकों ने आवेदन दिया। मगर राशि लौटाने के नाम पर सिर्फ विनायक होम्स रियल स्टेट लिमिटेड की 45 लाख की संपत्ति 16 अप्रैल 2023 को नीलाम की गई और उसके निवेशकों को यह राशि लौटाई गई। महज एक मात्र कंपनी की संपत्ति निलाम हुई जबकि 222 कंपनियों की संपत्ति की नीलामी नहीं हुई है। ज्यादातर कंपनियों की संपत्ति इस जिले में है ही नहीं यह जिला तो दूर इस प्रदेश में भी बहुतायत चिटफंड कंपनियों की संपत्ति नहीं है। ऐसे में सरकार कार्रवाई करे भी तो किस पर करे। इसके कारण चिटफंड में डूबी राशि की वसूली कठिन काम है।

गरिमा होम्स एंड रियल स्टेट एलाईट कंपनी की संपत्ति की नीलामी के लिए विशेष न्यायालय जांजगीर ने16 फरवरी 2023 को अंतिम आदेश पारित किया है। कुर्की की कार्रवाई अभी लंबित है जबकि आधा दर्जन अन्य कंपनियों की संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई जिले के अलावा बेमेतरा, कोरबा के न्यायालयों में लंबित हैं। भाजपा के घोषणा पत्र में भी यह उल्लेख किया गया है कि प्रदेशवासियों की जाली चिटफंड में फंसी राशि की पांच सालों के अंदर वापसी सुनिश्चित करेंगे। इसको लेकर निवेशकों की उम्मीद फिर एक बार जगी है। निवेशक और चिटफंड कंपनी के एजेंटों ने पहले से ही संगठन बना लिया है और वे भी राशि वापसी के लिए धरना प्रदर्शन कर मांग करते रहते हैं। कांग्रेस के शासन काल में राशि वापसी की शुरूवात तो हुई मगर यह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।


## आम सूचना

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मे. श्री दिव्यम सेल्स, मेन रोड, बैकुंठपुर जिला कोरिया छतीसगढ़ जो की एक साझेदारी फर्म है तथा इस फर्म में श्री दीपेश रामावत आ. श्री दीपक रामावत बैकुंठपुर जिला कोरिया 29/08/2024 से फर्म से त्याग पत्र दे रहे हैं । सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है।

**मे. श्री दिव्यम सेल्स, विवेक गुप्ता (पार्टनर)**


## कार्यालय, नगर पंचायत सारागांव, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

Email-npsaragaon@gmail.com

क्र./774/मैन्युअल निविदा/नं.पं./2024-25 | सारागांव, दिनांक 30/08/2024

### -: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना :-

एतद् द्वारा नगर पंचायत सारागांव क्षेत्रांतर्गत अध्यक्ष/पार्षद/15वें वित्त मद अंतर्गत छ.ग. लोक निर्माण विभाग, भवन एवं सड़क एसओआर 01.01.2015 अंतर्गत एकल पंजीयन में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से त्रि-लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं खुलने के समय निविदाकार अथवा उनके सक्षम प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 20.09.2024 (सायं 5:00 बजे तक)
(2) परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र बिक्री करने की अंतिम तिथि - 23.09.2024 (सायं 5:00 बजे तक)
(3) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 27.09.2024 (सायं 3:00 बजे तक)
(4) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 27.09.2024 (सायं 4:00 बजे तक)

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | वार्ड क्र. 01 आरती दास महंत घर से मेन रोड तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 13.41 | 10000/- | 750/- | कार्यादेश अनुसार | सक्षम श्रेणी |
| 02 | वार्ड क्र. 06 नवा तालाब से सुनील राठौर के फ्लाई एश ब्रिक्स प्लांट तक आरीसीसी नाली निर्माण | 18.60 | 14000/- | 750/- | | सक्षम श्रेणी |
| 03 | वार्ड क्र. 10 चंदन तालाब के पास छतदार चबूतरा निर्माण कार्य | 4.93 | 5000/- | 750/- | | सक्षम श्रेणी |
| 04 | वार्ड क्र. 06 नवा तालाब में छतदार चबूतरा निर्माण कार्य | 1.71 | 2000/- | 750/- | | सक्षम श्रेणी |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in/ में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत सारागांव**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## अनमोल वचन......

**नेतृत्व करने का गुण कठिन समय में परिश्रम करने से ही बाहर निखरकर आता है।**

# सरकार की असल नीति क्या है

सही है विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों ने छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचीं। उस कारण उन्हें घाटा हुआ। सवाल है सरकार की असल नीति क्या है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर सीधा निशाना साधा। उन्हें देश के करोड़ों खुदरा कारोबारियों की बढ़ती मुसीबत का कारण बताया। उन्होंने कहा- ई-कॉमर्स की भारत में बेरोक वृद्धि से बड़े पैमाने पर सामाजिक अस्त-व्यवस्ता पैदा हो सकती है, जिसका असर दस करोड़ छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। गोयल एक संस्था की रिपोर्ट जारी होने के मौके पर बोल रहे थे। रिपोर्ट भारत में रोजगार एवं उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स का संपूर्ण प्रभाव' शीर्षक से जारी हुई है। गोयल ने अमेजन कंपनी का नाम लेकर उस पर निशाना साधा। उनकी टिप्पणी गौरतलब है। कीमत तय करने का लूटेरा चलन क्या देश के हित में है, जहां अमेजन जब कहती है कि वह अरबों डॉलर का निवेश करेगी, तो हम सब खुशी मनाते हैं। लेकिन हम अंदरूनी कहानी भूल जाते हैं कि ये अरबों डॉलर किसी बड़ी सेवा या भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सहायक किसी बड़े निवेश के रूप में नहीं आ रहे हैं। ये रकम कंपनी अपना घाटा पाटने के लिए ला रही है। लेकिन अरबों डॉलर का घाटा हुआ ही क्यों।' गोयल का तात्पर्य है कि इन कंपनियों को घाटा छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचने के कारण हुआ। उसे पाटने के लिए अरबों डॉलर लाए गए। यह नहीं कहा जा सकता कि गोयल की बातें बेबुनियाद हैं। मगर सवाल यह उठेगा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति क्या है। क्या उसकी नीतियों ने हर तरह के विदेशी निवेश को प्रोत्साहित नहीं किया है। और क्या उसका ही यह परिणाम नहीं है कि देश में विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों का पूरा वर्चस्व बन गया है। वैसे क्या यह भी एक सच नहीं है कि केंद्र की ही नीतियों या कार्य-प्रणाली से तंग आकर अनेक कंपनियां बाहर चली गई हैं। इस क्रम में ना तो देसी उद्योग का विकास हुआ है और ना विदेशी निवेश से अपेक्षित उद्देश्य पूरा हुआ है। क्या गोयल की बातें अब ई-कॉमर्स सेक्टर में अनिश्चय का माहौल नहीं बनाएंगी। वैसे खुदरा कारोबार सेक्टर की मुसीबतें बढ़ाने में नोटबंदी और जीएसटी जैसे नीतिगत फैसलों का क्या रोल रहा है, गोयल को यह भी बताना चाहिए।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन लाभ होने से परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इस राशि वाली महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिल सकते हैं। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनीयर्स की तरफ से पॉजीटिव रिसपॉन्स मिलेगा।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स तथा मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा। पति-पत्नी का आपसी सहयोगात्मक व्यवहार आपसी नज़दीकियां बढ़ाएगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, आज किसी को दिए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

कर्क राशि-लेखकों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज इन्हें अपने लेखन शैली से जीवन में सफलता मिलने के अवसर प्राप्त होंगे। इस राशि के लोगों को आज अपने परिवार के किसी सदस्यों से नये वस्त्रों की मिल सकते हैं। आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है, साथ ही जो भी काम करना चाहेंगे वो पूरे हो जाएंगे। किसी भी कामों को पूरा करने के लिए आज आपको अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि-आज व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है। इसके साथ ही आप घर वापस आकर अगले दिन के लिए टारगेट सेट करेंगे साथ ही आप अगर घरों में कोई परिवर्तन संबंधी कोई निर्णय लेना चाहते है तो आपके लिए अच्छा दिन है। बिजनेसमैन के लिए भी आज का दिन शुभ है। इस राशि के लोगों का झुकाव आज अपने परिवारजनों के प्रति होगा।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे ।यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएँ, ऐसा कुछ नही होने वाला क्युकी आज आपका दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा। लवमेट के साथ घूमने-फिरने का भी प्रोग्राम बनेगा। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं।

तुला राशि-आज आपका दिन रोज से अच्छा रहेगा।आप अपने कामकाजी जीवन से थोड़ा ब्रेक लेकर जीवन साथी के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाएंगे। यह आपके अपने रिश्ते को संजोए रखने के लिए आवश्यक कदम होगा। पारिवारिक जीवन खुशहाल रखने के लिए कम्युनिकेशन गैप न होनें दें। सबसे बातचीत अवश्य करें। व्यापारिक जीवन में मनचाहा परिणाम मिलेगा व्यवसाय के संबंध में आपके लिए साझेदारी लाभकारी सिद्ध होगी।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आपको कोई नयी जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्किट से कोई मनपसंद सामान खरीदेंगे। आज लम्बी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज दोस्तों और संबंधियों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक भी रहेगा। आज कोई सुखद समाचार मिलने से भावनात्मक रूप से आप अपने आपको बढ़िया महसूस करेंगे। आज कुछ समय एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर बिताएंगे। आज किसी करीबी व्यक्ति से काम संबंधी नाराजगी दूर होगी।

मकर राशि-आज दिन की शुरूआत अच्छी होगी। इससे परिवार में सामांजस्य बना रहेगा। छात्रों को आज कोई शुभ सूचना मिलने वाली है। जिससे करियर में बदलाव आयेगा। पुराने समय को भूलकर आगे बढ़ेंगे तो सफल हो जाएंगे। आपकी सोच में बदलाव आयेगा । यह बदलाव आपके लिए शुभ फल देने वाला होगा। इस राशि की महिलाओं के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी अच्छी कम्पनी से जॉब के लिये ऑफर मिल सकता है ।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक तथा व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखन होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं। आपकी मेहनत से आय में इजाफा होगा । इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है। आज आप बेकार के तर्कों से बचें।

# आरक्षण खत्म करने की बात कौन करेगा

//अशोक मधुप //

**दलित और पिछड़े युवाओं के उत्थान के लिए लाया गया आरक्षण अब सत्ता में पहुंचने माध्यम बनता जा रहा है। अलग-अलग राज्य में राजनैतिक दल जहां आरक्षण को अपने हिसाब से अदल-बदल रहे हैं, वही प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण लागू करने की कोशिश हो रही है। कुछ राज्यों ने अपने यहां ये आरक्षण लागू किया पर वहां के हाईकोर्ट ने उसे अवैध बताते हुए रोक लगा दी, पर ये कोशिश जगह जगह जारी है।**

सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनैतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हांलाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू नहीं होगा, इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनैतिक दलों ने इसके विरूद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद का आह्वान कर ही चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर खड़ा हो गया। हांलाकि प्रदेश कैबिनेट में पास किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इस पर फिर विचार होगा।

हाल के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के आतेङ्कआते प्रचार आरक्षण पर आकर सिमट गया। भाजपा नेता अपने भाषणों में दावा कर रहे है कि हम देश में मुस्लिम आरक्षण लागू नही होने देंगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में मुस्लिम आरक्षण पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही इंडिया गठबंधन दलित और पिछडों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दे देगा। वे देश का विभाजन करवा देंगे। इस पर कुछ बड़े नेता तो चुप्पी साधे है किंतु समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने एक बयान में कहा है कि इंडिया गठबधंन के सत्ता में आते ही संविधान में संशोधन कर मुस्लिमों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिया जाएगा।

देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा हो गए। आजादी के बाद दलित समाज को विकास की धारा में शामिल करने के लिए दस साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। आज ये आरक्षण राजनेताओं को सत्ता में पंहुचने का माधूयम नजर आने लगा है, वे इसे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। खत्म करने की नहीं। किसी को यह सोचने की फुरसत नही कि आरक्षण की मार से बचने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा आज विदेशों में जाकर शिक्षा ले रहे है। शिक्षा पूरी कर वहीं नौकरी या व्यवसाय कर चुने गए देश के विकास में योगदान कर रहे हैं। भारत के बाहरर जाकर बसी भारत की मेधा से प्रभावित होते देश के विकास पर किसी को सोचने का समय नहीं।

प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण को लेकर कर्नाटक सरकार ने यूटर्न ले लिया है। सरकार ने पहले सी और डी कैटेगरी की प्राइवेट नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की बात कही थी। फिलहाल, आरक्षण के उस फैसले पर रोक लगा दी गई है। कैबिनेट ने फैसला स्थगित कर दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्राइवेट सेक्टर में कन्नड़ लोगों को 100 फीसदी आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने कहा, हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं। सरकार के इस फैसले का चौतरफा विरोध होने पर इस पर रोक लगा दी गई। सरकार का कहना है कि इस बिल पर वह पुनर्विचार करेगी। देश में यह पहला ऐसा मामला नहीं है। कर्नाटक से पहले प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने के लिए आंध्र प्रदेश और हरियाणा में कोशिश की गई थी. वहीं, मध्य प्रदेश में भी सरकार ने ऐसा ही कहा था, लेकिन यह कोशिश रंग नहीं ला पाई थी। 2019 में आंध्र प्रदेश में पहली बार ऐसा कोई कानून बना था जहां 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण देने की बात कही गई थी। पर हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। फिलहाल, ये मामला सुप्रीम कोर्ट में है।महाराष्ट्र में 2019 में शिवसेना-कांग्रेस और एनसीपी के गठबंधन की सरकार बनने के बाद प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 80 प्रतिशत नौकरियां देने का प्रस्ताव लाया गया था। सरकार सरकार इसे विधानसभा में भी लाना चाहती थी। लेकिन इसे लाया नहीं गया। कर्नाटक में कई बार प्राइवेट जॉब में कन्नड़ों के लिए आरक्षण तय करने की कोशिश हो चुकी है। सिद्धारमैया सरकार में ये तीसरी बार है जब ऐसी कोशिश हो रही है। इससे पहले 2014 और 2017 में भी सरकार कोशिश कर चुकी है। वहीं अक्टूबर 2020 में येदियुरप्पा की अगुवाई में बीजेपी सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में ग्रुप सी और डी में 75 प्रतिशत आरक्षण स्थानीयों को देने का ऐलान किया था। हालांकि, ये लागू नहीं हो सका था।

हरियाणा में 2020 में तब की मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कानून पास किया था। हाईकोर्ट ने पिछले साल नवंबर में इस कानून को रद्द कर दिया। झारखंड में दिसंबर 2023 में हेमंत सोरेन की सरकार ने सरकारी नौकरियों की ग्रुप तीन और चार में स्थानीयों को 100 प्रतिशत आरक्षण देने के मकसद से बिल पास किया था। ये बिल विधानसभा में पास हो गया था, लेकिन गवर्नर ने इसे लौटा दिया था।आज के हालात का निष्कर्ष ये है कि प्रत्येक दल आरक्षण की सीढ़ी से सत्ता में पंहुचने के प्रयास में लगा है। उसे उससे वास्ता नही कि आरक्षण की जद में आने वाली प्रतिभाएं इसे लेकर क्या सोचती हैं? 2012 में केंद्र सरकार प्रमोशन में आरक्षण का बिल ला चुकी है। संसद में बिल रखे जाने के दौरान एक सांसद द्वारा मंत्री से छीन कर बिल की प्रति फाड़ दिए जाने के कारण ये अटक गया। नही तो प्रमोशन में भी आरक्षण लागे हो चुका होता।

अब क्रीमीलेयर तै करने के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के आंदेश को वे ही ठेंगा दिखाने को तैयार हैं जो अब तक इससे लाभ लेते रहे हैं। आरक्षण का लाभ उठा चुके उच्च स्थिति में पंहुचने वाले ही विकास की धारा से वंचित अपनी जाति वालों के लिए आरक्षण का लाभ छोड़ने को तैयार नही हैं। आज हालत यह है कि सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ आदेश करे या कोई अन्य मांग हो, आरक्षण को कम करने को कोई राजनैतिक दल छोड़ने को तैयार नही। कोई इसके खत्म करने की बात नही कर रहा। सब बढ़ाने की बात कर रहे हैं। आरक्षण के दायरे से बाहर की जाति और उसे युवा ये सब देख रहे हैं। अभी हाल में यूपीएससी में लेटरल एंट्री को लेकर हुए बवाल ने बाद सरकार ने 45 पदों पर लेटरल एंट्री का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। विपक्ष का कहना था कि सरकार आरक्षण खत्म करने की कोशिश कर रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है, सरकार अपनी छवि बचाने को बार-बार पीछे हटती जा रही है। ऐसे में आरक्षण से बाहर रह रही युवा पीढ़ी के भविष्य की किसी को चिंता नहीं। आरक्षण समर्थक कोई नेता और राजनैतिक दल ये नही सोच रहा कि ये आरक्षण से बाहर रहे युवा उनके बारे में क्या विचार और सोच बना रहे हैं।

# छत्रपति प्रतिमा का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण

//ललित गर्ग //

**सिंधु दुर्ग में शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा के गिर जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आना स्वाभाविक है, इससे लोगों का आहत होना भी उचित हैं। क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के महानायक एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र हैं। मराठा पहचान और परम्परा के प्रतीक पुरुष, प्रथम हिन्दू नेता छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में की गयी 35 फीट ऊंची प्रतिमा का थरथरा कर गिर जाना राष्ट्रीय शर्म एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार का दुःखद अध्याय है। इस तरह हमारे एक महानायक की महान स्मृतियों से जुड़ी इस प्रतिमा का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है।**

आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में जिस तीव्रता से व्याप्त है, उसका यह एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सरकार की साख को धुंधला रही है, यह घटना भारतीय नौसेना की साख को भी बट्टा लगा रही है, यह घटना इसलिए भी गंभीर चिंता की बात है कि इससे हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कलई खुल गई है। गौर कीजिए, इस प्रतिमा के निर्माण पर करीब 3,600 करोड़ रुपये की लागत आई थी और इसी 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर इसका अनावरण किया गया था। सिंधु दुर्ग में शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा के गिर जाने से महाराष्ट की राजनीति में उबाल आना स्वाभाविक है, इससे लोगों का आहत होना भी उचित हैं। क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट के महानायक एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र हैं। वे महाराष्ट के जीवन का अभिन्न अंग हैं एवं वहां की राजनीति उनके नाम के इर्द-गिर्द घूमती है। महाराष्ट ही नहीं सम्पूर्ण देश में शिवाजी महाराज के प्रशंसक हैं। मराठों के अस्तित्व एवं अस्मिता के वे प्राण रहे हैं, मराठों को उन्होंने ने ही लड़ना सिखाया, उनके जीवन को उन्नत बनाया। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के महाराष्ट्र की सभी जातियों को एक भगवा झंडे के नीचे एकत्रित किया और मराठा साम्राज्य की स्थापना की। शिवाजी ने अपने राज्य-शासन में मानवीय नीतियां अपनाई थी जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। महाराष्ट्र क्योंकि उनकी जन्मस्थली ही नहीं कर्मस्थली भी रहा इसलिए महाराष्ट्र की आबोहवा में वे आज भी जीवंत हैं। ऐसे महानायक की प्रतिमा के गिर जाने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान खड़ा हो गया है। मूर्ति का निर्माण और डिजाइन नौसेना ने तैयार किया था। कहा तो यही जा रहा है कि 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के कारण प्रतिमा टूटकर गिर गई।

छत्रपति शिवाजी के महाराष्ट्र और मराठा संस्कृति के ही नहीं, बल्कि भारतीयता के प्रतीक एवं प्रेरणा पुरुष हैं। आम मराठी भावनात्मक रूप से उनसे जुड़ा है। ऐसे में, इस मूर्ति का ढहना राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार एवं भारतीय नौसेना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है। चंद महीने बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने के कारण यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनना निश्चित है। एक मजबूत विपक्षी पार्टी शिव सेना की पूरी राजनीति शिवाजी के शौर्य व आत्म-गौरव से प्रेरित है, एनसीपी शरद पवार, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने एकनाथ शिंदे सरकार को निशाना बनाना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि छत्रपति शिवाजी का स्मारक चुनावों को देखते हुए जल्दबाजी में बनाया गया था और इस काम में गुणवत्ता को पूरी तरह से अनदेखा किया गया। प्रतिमा का ढह जाना छत्रपति शिवाजी का अपमान तो है ही और यह जाहिर है कि इसका काम घटिया गुणवत्ता का था। इसीलिये घटना को शिवाजी के अपमान के रूप में पेश किया जाने लगा है। चुनाव की सरगर्मियों के बीच शिवाजी की प्रतिमा का मुद्दा चर्चा में आ गया है। इस मुद्दे को वोट जुटाने के लिए असरदार हथियार के रूप में जरूर इस्तेमान किया जायेगा। लेकिन मूल प्रश्न है ऐसे भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में कब सार्थक प्रयास होंगे। राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करके दोषियों को कड़ी सजा दिलानी चाहिए, ताकि न सिर्फ विपक्ष के आरोपों की धार को निस्तेज किया जा सके, बल्कि सार्वजनिक निर्माण में किसी किस्म की लापरवाही या उदासीनता बरतने वालों को भी यह संदेश मिल सके कि वे बख्शे नहीं जाएंगे। यह पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी बड़ी निर्माण योजना की कमी इस तरह की भ्रष्ट एवं लापरवाही के रूप में उजागर हुई है। हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बार-बार तार-तार होती रही है। मई 2023 में उज्जैन के महालोक कोरिडोर में लगी सप्तऋषियों की मूर्तियां भी इसी तरह आंधी-तूफान में धराशायी हो गई थीं। अयोध्या में भी सड़के ध्वस्त हो गयी थी। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली बनी हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान हुआ है। मुंबई में घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। कहीं नई बनी सड़कें धंस हो जाती हैं तो कहीं नई सरकारी इमारतों में दरारे पड़ जाती है। इन मूर्तियों, पुलों, सड़कों एवं सार्वजनिक निर्माण के अन्य सरकारी निर्माणों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रतिमाएं हो या पुल-इनके गिरने से जितने पैसों की बर्बादी होती है, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी। जाहिर है, इनकी वजहों को समझने के लिए किसी मजबूत, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तंत्र की जरूरत है। निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता से समझौता और राजनीतिक दबाव में जल्द से जल्द कार्य पूरा करने की प्रवृत्ति ने ऐसी दुर्घटनाओं की गति एवं मात्रा बढ़ाई है। इसके लिए समूचे तंत्र को अपनी कार्य-संस्कृति पर भी गौर करने की जरूरत है। शिवाजी की प्रतिमा के तेज हवा में यूं ढह जाने से हमें सबक सीखने की जरूरत है।

सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को ऐसे राष्ट्रीय महत्व के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता। देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा। ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई रिश्वत छू नहीं सके, जिसको कोई सिफारिश प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। तभी इन मूर्तियों, पुलों, निर्माण कार्यों का भर-भराकर गिरना बन्द होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के साथ, 16वें केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा राज्य के प्रमुख दलों के प्रतिनिधियों के साथ बेंगलुरु में आयोजित परामर्श बैठक के दौरान।



भारतीय तटरक्षक बल के लिए पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत जीएसएल यार्ड 1267, वास्को दा गामा में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड बंदरगाह पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा लॉन्च किया गया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर नई दिल्ली के अमृत उद्यान में खिलाड़ियों से बातचीत की।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अन्य लोगों के साथ रायपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के दौरान खिलाड़ियों को चेक प्रदान करते हुए।



मुंबई में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद बांद्रा-मडगांव ट्रेन पटरी पर दौड़ी।



राजकोट में लगातार हो रही बारिश के बावजूद गोल्डन कटार डिवीजन के भारतीय सेना के जवान बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं।




अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा नागपुर में महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों को समाप्त करने की मांग को लेकर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान बोलती हुई।

# कबाड़ी ने किशोरी से घर में घुसकर किया दुष्कर्म, गुस्साए लोगों ने की तोड़फोड़, पुलिस थाने के बाहर खूब हुआ

**साहिबाबाद, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

लिंकरोड थाना क्षेत्र की एक कालोनी में 15 वर्षीय किशोरी से बुधवार को मुस्लिम युवक ने घर में घुसकर मारपीट कर दुष्कर्म किया। युवक कबाड़ की दुकान पर काम करता है। घटना के विरोध में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने लिंक रोड थाना और सूर्य नगर पुलिस चौकी के पास जाम लगा दिया। वहीं, कुछ लोगों ने कबाड़ की दुकान, बाहर खड़े ठेलों व ई-रिक्शा में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। पुलिस ने रात में लाठी फटकार जाम लगाने वालों को खदेड़कर जाम खुलवाया। देर रात तक घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र की कालोनी के एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी बुधवार शाम को आठ वर्षीय भाई और एक आठ माह के बच्चे के साथ घर में थी। शाम लगभग साढ़े पांच बजे घर के पास स्थित कबाड़ की दुकान पर काम करने वाला मुस्लिम युवक उनके घर में घुस गया। आरोप है कि उसके पांच साथी घर के बाहर खड़े हो गए। युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर बेटी और बेटे के साथ मारपीट की। बेटी का गला दबाया और उसके बाल पकड़कर घसीटा। जिससे बेटी बेहोश हो गई।आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना के बाद बेटे ने उन्हें इसकी सूचना दी। जिसके बाद वह घर पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्होंने थाने में आरोपित युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी का मेडिकल कराया है।दोपहर तीन से चार बजे के बीच कुछ लोग कालोनी स्थित कबाड़ की दुकान पर पहुंच गए। वहां खड़े ठेलों और दुकान में तोड़फोड़ कर दी। दुकान पर मौजूद लोग वहां से भाग गए। एक छोटा मालवाहक वाहन को पलट दिया और उसे तोड़ दिया। वहीं, एक ई-रिक्शा को आग लगा दी। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो आरोपित वहां से भाग गए। तोड़फोड़ करने वाले कौन लोग थे उनकी पहचान नहीं हुई है। तोड़फोड़ करते हुए कई वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। जिसमें तोड़फोड़ करने वालों के चेहरे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं।बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे हिंदू संगठन के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग लिंक रोड थाना पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस से इस मामले में अन्य आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना के पास लिंक रोड पर जाम लगा दिया। लिंक रोड पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। पुलिस अधिकारियों ने समझाकर उनको शांत किया। इसके बाद सभी लोग थाने से चले गए। कुछ लोग फिर से दोपहर साढ़े तीन बजे सूर्यनगर चौकी के सामने पहुंच गए।उन्होंने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया। चौकी के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। महिलाओं ने हाथ में बैनर लेकर प्रदर्शन किया। आरोपितों को फांसी की मांग की गई। लोगों की संख्या और आक्रोश बढ़ता देख आसपास के थानों से पुलिस बल बुलाया गया। सूर्यनगर फ्लाईओवर, ब्रिज विहार पुलिया से रामप्रस्थ तक जाम लग गया। देर शाम तक लोग जाम से जूझते रहे।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी, पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष कुमार पाटील, सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद भी लोग सड़क से नहीं हटे तो रात में पुलिस ने लोगों को लाठी फटकार कर सड़क से तितर-बितर किया। इसके बाद जाम से जूझ रहे लोगों को राहत मिली।हिंदू परिवार गौ रक्षक के राष्ट्रीय प्रभारी प्रदीप अरोड़ा ने बताया कि किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला संज्ञान में आया। उनके संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई का दबाव बनाया। सहायक पुलिस आयुक्त ने प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन देकर उनके कार्यकर्ताओं को शांत कराया। इस मौके पर हिंदू परिवार गौ रक्षक दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पाल, प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष अवधेश सक्सेना आदि मौजूद रहे। किशोरी के पिता ई-रिक्शा चलाते हैं। मां की मौत हो चुकी है। किशोरी के चार भाई हैं। इसी मकान में उसके दो चाचा अपनी पत्नी और बच्चों के साथ किराये पर रहते हैं। एक चाचा के तीन बच्चे और दूसरे चाचा के एक बच्चा है। बताया गया कि घटना के दौरान एक भाई और एक बच्चा घर पर था।स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। लोगों ने सूर्यनगर पुलिस चौकी के सामने सड़क जाम किया था। इससे आमजन को परेशानी हो रही थी।

# कमला की लोकप्रियता से दबाव में ट्रंप फोटो के नीचे कर डाली भद्दी टिप्पणी



**वॉशिंगटन** ।अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट प्रत्याशी कमला हैरिस की बढ़ती लोकप्रियता से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दबाव में आ गए हैं। रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया पर हैरिस के बारे में की गई भद्दी टिप्पणी को रीपोस्ट किया है। अपने डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी पर ट्रंप की यह ताजा अपमानजनक हमला है। इससे पहले वह हैरिस पर नस्ल व जेंडर संबंधी टिप्पणी कर चुके हैं। दूसरी ओर, कमला हैरिस की गुरुवार को सीएनएन के साथ साक्षात्कार में बड़ी परीक्षा होगी।यह राष्ट्रपति प्रत्याशी के रूप में उनका पहला बड़ा मीडिया साक्षात्कार है। इंटरनेट मीडिया ट्रुथ पर एक यूजर ने यह ताजा पोस्ट किया था, जिसमें हैरिस की हिलेरी क्लिंटन से तुलना करते हुए उनके चित्र के नीचे अश्लील टिप्पणी की गई है। टिप्पणी को हिलेरी के पति तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की व्हाइट हाउस में मोनिका लेवस्की से अंतरंगता और शादी से पहले कमला हैरिस के मित्र रहे सैन फ्रांसिस्को के पूर्व मेयर विली ब्राउन से संदर्भित किया गया है।

# गुजरात में जल प्रलय: बाढ़ में 26 की मौत, 1200 लोगों को बचाया गया, घर और छतों तक पहुंचे मगरमच्छ



**नईदिल्ली, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

पिछले चार दिन से भारी बारिश के चलते गुजरात के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं। जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। नदियां-नाले उफान पर हैं। सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं और लोगों के घरों में पानी घुस गया है। बाढ़ की वजह से पिछले तीन दिनों में 26 लोगों की जान गई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों से 18 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और करीब 1,200 लोगों को बचाया गया है। सेना और अन्य बचाव कर्मी राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। हालांकि गुरुवार को बारिश में कमी आने से बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित वडोदरा समेत कुछ क्षेत्रों में हालात में आंशिक सुधार हुआ। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात की और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से बाढ़ के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए उचित कदम उठाने को भी कहा।

द्वारका के भाणवड में सुबह छह बजे तक बीते 24 घंटे की अवधि में 295 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, वहीं कच्छ के अब्दासा में 276 मिमी और कल्याणपुर में 263 मिमी बारिश दर्ज की गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि के दौरान गुजरात के 20 तालुका में 100 मिमी से अधिक वर्षा हुई। कच्छ के मांडवी तालुका में सुबह 10 बजे तक चार घंटों में 101 मिमी बारिश हुई। आईएमडी ने सौराष्ट्र और कच्छ के तटीय इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान और भारी बारिश होने की संभावना जताई है। मछुआरों को अगले दो तीन दिनों तक समुद्र में न जाने की एडवाइजरी जारी की है। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर राज्य के सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित इलाके वडोदरा, द्वारका, जामनगर, राजकोट और कच्छ में राहत और बचाव कार्य संचालित कर रहे हैं।

# पीड़िता का पोस्टमार्टम करने में हुई छेड़छाड़! कई सवालों के जबाव तलाश रही सीबीआई

**कोलकाता, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर के दुष्कर्म व हत्या की घटना की जांच कर रही सीबीआई को मामले में सुबूतों से छेड़छाड़ किए जाने का संदेह है। इस आधार पर भी केंद्रीय एजेंसी घटना की जांच कर रही है। सीबीआईके अधिकारी ये मानकर चल रहे हैं कि अगर इस घटना में कुछ लोग शामिल थे तो सुबूतों के साथ छेड़छाड़ करने में भी कई लोग शामिल हो सकते हैं।जांच में सीबीआई के लिए जो बात सबसे महत्वपूर्ण हो गई है वह है एक वीडियो, जो हाल में इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हुआ है। इसमें आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के करीबियों को नौ अगस्त की सुबह पीड़िता के शव बरामद होने के तुरंत बाद सेमिनार हाल में देखा गया था। कोलकाता पुलिस ने दावा किया है कि शव बरामद होने के बाद से सेमिनार हाल के बड़े हिस्से की घेराबंदी कर दी गई थी, लेकिन सीबीआई अधिकारी इस तर्क को नहीं मान रहे हैं। प्रोटोकाल के अनुसार पूरा सेमिनार हाल अपराध से जुड़ा एक हिस्सा है। इसलिए इसके एक हिस्से को सील



करने के बजाए पूरे हाल को सील किया जाना चाहिए था और कमरे में अन्य लोगों के प्रवेश पर रोक लगानी चाहिए थी। एजेंसी के जांच अधिकारी हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हुए फर्जी सीबीआई पत्र की भी जांच कर रहे हैं। इसमें एजेंसी के अधिकारी मामले के विभिन्न पहलुओं पर टिप्पणी कर रहे हैं। सीबीआई का मानना है कि फर्जी पत्र जानबूझकर गलत सूचना फैलाने और जांच प्रक्रिया के बारे में लोगों को गुमराह करने के लिए प्रसारित किए जा रहे हैं। अधिकारी इस तरह के फर्जी पत्रों के स्रोत तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने इस घटना की जांच कोलकाता पुलिस से अपने हाथ में ले ली है। महिला डाक्टर से दरिंदगी के मामले में सीबीआई ने गुरुवार को अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से लगातार 14वें दिन पूछताछ की है।

13 दिनों में उनसे एजेंसी लगभग 130 घंटे पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक संदीप घोष ने सीबीआई को बताया है कि पिछले दिनों जब एजेंसी के अधिकारी उनके घर छापेमारी करने गए थे, वह उस समय बाथरूम में थे। इसलिए उन्हें दरवाजा खोलने में देर हुई थी। सीबीआई घटना की जांच के सिलसिले में आरजी कर अस्पताल के पुलिस मुर्दाघर पहुंची। जहां मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया था। सीबीआई को पोस्टमार्टम करने में भी किसी तरह की छेड़छाड़ होने का शक है। सूत्रों के अनुसार सीबीआईने गुरुवार को अस्पताल के दो सिक्योरिटी गार्ड का पालीग्राफ टेस्ट कराया। वारदात वाली रात इनकी डयूटी मेडिकल कालेज के उसी सेमिनार हाल वाले फ्लोर पर थी जहां पीड़िता की लाश बरामद हुई थी। मामले में सीबीआइ अभी तक इन दोनों सिक्योरिटी गार्ड समेत 10 लोगों का पालीग्राफ टेस्ट करा चुकी है।

# पूर्व पीएम शेख हसीना और परिवार की विशेष सुरक्षा वापस होगी, अंतरिम सरकार कानून में संशोधन करेगी

**ढाका।** आधिकारिक बीएसएस समाचार एजेंसी के अनुसार, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस की अध्यक्षता में सलाहकार परिषद ने पूर्व प्रधान मंत्री हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों के लिए विशेष सुरक्षा हटाने के लिए विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 में संशोधन करने का फैसला किया।बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को दी गई विशेष सुरक्षा बृहस्पतिवार को अंतरिम सरकार ने वापस लेने का एलान किया है। अंतरिम सरकार का यह फैसला हसीना और उनके परिवार के राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के कुछ दिनों बाद आया है। हालांकि, अभी शेख हसीना की विशेष सुरक्षा खत्म करने वाले कानून में संशोधन करना बाकी है। आधिकारिक बीएसएस समाचार एजेंसी के अनुसार, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस की अध्यक्षता में सलाहकार परिषद ने पूर्व प्रधान मंत्री हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों के लिए विशेष सुरक्षा हटाने के लिए विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 में संशोधन करने का फैसला किया। मुख्य सलाहकार कार्यालय (सीएओ) ने बैठक के बाद बयान में कहा कि यह अधिनियम पिछली सरकार के फैसले के बाद बनाया और लागू किया गया था। इसके बाद 15 मई 2015 को इस कानून के तहत हसीना और उनके करीबियों को विशेष सुरक्षा और लाभ प्रदान करने के लिए एक गजट जारी किया गया।बयान में आगे कहा, यह कानून पूरी तरह से एक परिवार के सदस्यों को विशेष राज्य लाभ प्रदान करने के लिए बनाया गया था, जो स्पष्ट भेदभाव का गठन करता है।

कहा कि अंतरिम सरकार सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। बदले हुए परिदृश्य के कारण मौजूदा कानून के अनुरूप राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के परिवार से संबंधित प्रावधानों को प्रशासनिक प्रबंधन के तहत लागू करना संभव नहीं है।बैठक के बाद सलाहकार परिषद की सदस्य सैयदा रिजवाना हसन ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, अंतरिम सरकार भेदभाव विरोधी आंदोलन का परिणाम थी।

# कांग्रेस नेता पटोले का आरोप, मूर्तिकार का आरएसएस से संबंध, आप्टे की पत्नी-बेटे के बयान दर्ज

**मुंबई, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, कलाकार जयदीप आप्टे को इतने बड़े पैमाने की मूर्ति बनाने का कोई अनुभव नहीं था। आप्टे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं। मालवन के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर इन दिनों में महाराष्ट्र में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। इस बीच बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता नाना पटोले ने दावा किया कि इसे बनाने वाला मूर्तिकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का करीबी था। इस आरोप पर राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने मजाकिया जवाब दिया, जिन्होंने कहा कि उन्होंने सुना था कि कलाकार वास्तव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के करीबी थे। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, कलाकार जयदीप आप्टे को इतने बड़े पैमाने की मूर्ति बनाने का कोई अनुभव नहीं था। आप्टे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं। पटोले के दावे पर भाजपा नेता मुनगंटीवार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, किसी ने मुझे बताया कि कलाकार राहुल गांधी के करीबी हैं। इस जानकारी को सत्यापित करने की आवश्यकता है...ऐसा लगता है कि अनर्गल आरोप लगाने की एक नई आदत हो गई है।

दूसरी तरफ, महाराष्ट्र पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने के मामले में कलाकार जयदीप आप्टे की पत्नी और बेटे के बृहस्पतिवार को बयान दर्ज किए। इंस्पेक्टर प्रवीण कोल्हे ने कहा कि मालवन पुलिस की एक टीम ने अपने कल्याण समकक्षों की मदद से आप्टे की पत्नी और बेटे के बयान दर्ज किए हैं।

# अफगानिस्तान में 5.7 तीव्रता का भूकंप, दिल्ली तक महसूस हुए झटके




**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में गुरुवार को भूकंप के तगड़े झटके महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर तीव्रता 5.7 मापी गई। भारत में दिल्ली-एनसीआर तक झटके महसूस हुए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, शुक्रवार को अफगानिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। मैम, आपकी टेंशन दूर कर रहा हूं, सुसाइड नोट में लिखकर 11वीं के छात्र ने लगा ली फांसीमैम, आपकी टेंशन दूर कर रहा हूं, सुसाइड नोट में लिखकर 11वीं के छात्र ने लगा ली फांसीभूकंप का केंद्र अक्षांश 36.51 उत्तर और देशांतर 71.12 पूर्व और 255 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी।

# हरियाणा की 50 सीटों पर पीएम मोदी और शाह की हरी झंडी, किसी भी समय आ सकती है लिस्ट

**चंडीगढ़, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने गुरुवार रात हुई बैठक में हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से 50 पर उम्मीदवारों को लेकर करीब चार घंटे तक मंथन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में हुई बैठक में 50 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम को लेकर लगभग सहमति बन चुकी है। शेष बची 40 सीटों पर नाम तय करने के लिए केंद्रीय चुनाव समिति की दोबारा बैठक होगी। गुरुवार देर रात अथवा शुक्रवार सुबह भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है, जिसमें तीन दर्जन नाम शामिल हो सकते हैं। ये सभी नाम सिंगल पैनल वाले हैं, जो प्रदेश की केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से केंद्रीय चुनाव समिति को तय कर भेजे गए थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा से चुनाव लड़ने का संकेत कर दिया गया है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले दिल्ली में गुरुवार सुबह हरियाणा भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक हुई, जिसमें केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने राज्य के प्रमुख नेताओं के साथ पार्टी उम्मीदवारों के चयन संबंधी फार्मूले पर फाइनल चर्चा की। इस बैठक में तीनों केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राव इंद्रजीत और कृष्णपाल गुर्जर भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली इस बैठक का हिस्सा बने। शाम को करीब साढ़े छह बजे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आरंभ हुई, जिसमें करीब आठ बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंचे। प्रधानमंत्री ने एक-एक विधानसभा सीट पर चर्चा की। प्रदेश चुनाव समिति ने 50 सीटों पर एक-एक नाम का पैनल तैयार कर केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा था, जबकि 40 सीटों पर दो-दो दावेदारों के नाम थे। भाजपा ने केंद्रीय चुनाव समिति में सिंगल नाम वाले पैनलों पर ही चर्चा की और तय किया कि लोकसभा का चुनाव लड़ चुके कुछ उम्मीदवारों को विधानसभा चुनाव लड़वाया जाएगा, जबकि कुछ राज्यसभा सदस्यों को भी चुनाव लड़वाने पर चर्चा हुई है। केंद्रीय मंत्रियों राव इंद्रजीत और कृष्णपाल गुर्जर के स्वजनों को टिकट देने पर बैठक में चर्चा हुई, लेकिन अभी दोनों को इस बारे में कोई स्पष्ट इशारा नहीं किया गया है।बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कहा जा रहा है कि भाजपा कई मौजूदा विधायकों व कुछ मंत्रियों के टिकट काटने जा रही है, जबकि भाजपा का सहयोग करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को टिकट मिलने की संभावना बहुत कम है।

# अगले 24-36 घंटों के दौरान कई राज्यों में झमाझम बारिश के आसार

**नईदिल्ली, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

मानसून इन दिनों अपने पूरे असर में दिखाई दे रहा है। उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक विभिन्न राज्यों में लगातार बारिश की खबरें आ रही हैं। कई जिलों में औसत बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। मौसम के जानकारों का ताजा अनुमान है कि आने वाले दो दिनों में अभी कई शहरों में तेज बारिश देखने को मिल सकती है। कहीं तेज हवाएं चलेंगी तो कहीं हल्की से मध्यम बारिश होगी। आइये जानते हैं कि किस राज्य में मौसम की क्या चेतावनी है। अगले 3-4 घंटों के दौरान आगरा, अलीगढ, बदायूँ, बागपत, बिजनौर, बुलन्दशहर, एटा, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड, ज्योतिबा फुले नगर, कांशीराम नगर, महामाया नगर, मैनपुरी, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, संभल और शामली में कई स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें जारी रहेंगी। स्कायमेट वेदर के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू कश्मीर, गिलगित बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, लद्दाख, यूपी, पूर्वी राजस्थान, गुजरात क्षेत्र, विदर्भ, तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक, लक्षद्वीप, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों हल्की से मध्यम बारिश संभव है। पूर्वी गोदावरी, गुंटूर, काकीनाडा, कृष्णा के कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जिसके साथ ही पूर्वी गोदावरी, गुंटूर, काकीनाडा,



कृष्णा के कुछ स्थानों पर मध्यम बिजली गिरने की संभावना है।

अगले 24-36 घंटों के दौरान मुछलीपट्टनम, नेल्लोर, प्रकाशम, श्रीकाकुलम, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, विजयनगरम और पश्चिमी गोदावरी में मध्यम से भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। देवभूमि द्वारका, गिर सोमनाथ, जामनगर, जूनागढ़, कच्छ, मारवी, नलिया, ओखा, पोरबंदर और राजकोट के कुछ स्थानों पर अगले 12-18 घंटों के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा के साथ कई स्थानों पर भारी से भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। सौराष्ट्र और कच्छ (गुजरात) के जिलों में जलभराव, सड़कें अवरुद्ध होना, रेलवे ट्रैक में गड़बड़ी और बाढ़ जैसी स्थिति संभव है। अगले कुछ घंटों के दौरान अंबाला, गुड़गांव, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, मेवात, पलवल, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सोनीपत और यमुनानगर में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

क्कपुलिस भर्ती में गया पति, पत्नी ने बुला लिया आशिक, आधी रात को घरवालों ने कमरा खोला, फिर...क्कपुलिस भर्ती में गया पति, पत्नी ने बुला लिया आशिक, आधी रात को घरवालों ने कमरा खोला, फिर...अगले 4-6 घंटों के दौरान बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहुल और स्पीति, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन और ऊना में तेज़ हवाओं (20-30 किमी प्रति घंटे) के साथ मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।अगले 24 घंटों के दौरान सहारनपुर में कई जगहों पर मध्यम से भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, साथ ही तेज़ हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) की गति से हवाएँ चलेंगी।

# पाकिस्तान के खिलाफ जासूसी करने वाले नेटवर्क पर एनआईए का शिकंजा, 16 ठिकानों पर छापेमारी



**नईदिल्ली, 30 अगस्त [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले और नौसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को भेजने वाले नेटवर्क पर एनआईए का शिकंजा कस गया है। विशाखापत्तन जासूसी कांड सिलसिले में एनआईए ने बुधवार को सात राज्यों में 16 ठिकानों पर छापा मारा। जिन लोगों के ठिकानों पर छापा मारा गया, उनपर पैसे लेकर पाकिस्तान के लिए भारत में जासूसी करने के शुरूआती सबूत मिले हैं।छापे के दौरान ईडी ने 22 मोबाइल फोन जब्त करने के साथ-साथ बड़ी मात्रा में संवेदनशील दस्तावेज बरामद होने का दावा किया है। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जासूसी का यह रैकेट गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, हरियाणा से लेकर बिहार तक फैला था। सबसे पहले इस रैकेट का पता 2021 में आंध्रप्रदेश के काउंटर इंटेलीजेंस सेल ने किया और नौसेना के संवेदनशील दस्तावेज पाकिस्तान को बेचने के आरोप में केस दर्ज किया और आकाश सोलंकी नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया। जांच के दौरान इस रैकेट के तार कई राज्यों में फैले होने के संकेत मिले।



## द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल की तैयारी के लिए अर्शिन मेहता ने की कड़ी मेहनत

फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अर्शिन मेहता ने सुहासिनी भट्टाचार्य की भूमिका के लिए की गई तैयारी के बारे में खुलकर बात की।

अर्शिन इसमें बांग्लादेश की एक हिंदू ब्राह्मण लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो अपने देश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को देखने के बाद भारत के पश्चिम बंगाल में शरण लेती है।

अपने किरदार को लेकर अभिनेत्री ने कई व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना किया।

बजरंगी भाईजान से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अर्शिन ने इस बारे में बताया, मैं किरदार में रहना चाहती थी, इसलिए मैंने सुहासिनी की भूमिका को अपनाया, जो एक शरणार्थी है, जिसके पास विलासिता की चीजों की पहुंच नहीं है। मैंने कुर्सियों पर बैठने से परहेज किया और जमीन पर बैठना पसंद किया, किसी से ज्यादा बात न करके अपने किरदार की मानसिकता में रहना पसंद किया। सुहासिनी ने इतने सारे अनुभव किए थे कि वह हमेशा अपने दायरे में रहती थी, और मैंने भी उसी दायरे में रहने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अपने दायरे में रहना सुनिश्चित किया। मैं लगातार संगीत सुनती, किसी से बात करने से बचती और शूटिंग खत्म होने के बाद भी चुपचाप घर चली जाती और किरदार की मानसिकता में रहती। सुहासिनी के किरदार को ईमानदारी और प्रामाणिकता के साथ निभाने के लिए मेरे लिए उस दायरे में रहना महत्वपूर्ण था, ताकि लोग उससे सही मायने में जुड़ सकें।

अर्शिन की भूमिका उनकी आवाज को बुलंद करती है क्योंकि वह मानवाधिकार परिषद, भारत सरकार और विभिन्न मंत्रालयों को इस तथ्य के प्रति सचेत करने का प्रयास करती है कि भारत में हिंदू भी सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने कहा, वहां पहुंचने पर उन्हें यह जानकर झटका लगा कि बंगाल में हिंदुओं की स्थिति बांग्लादेश जितनी ही खराब है। यह अहसास उनके लिए बहुत बड़ा है, खासकर तब जब उन्हें हिंदू बहुल देश में सुरक्षित रहने की उम्मीद थी।

मैं राजकपूर हो गया फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, यह फिल्म सुहासिनी की यात्रा को दर्शाती है, जिसमें वह लव जिहाद का शिकार बनने के साथ कई बाधाओं से जूझती है। एक मुस्लिम व्यक्ति उसे शरण देता है, लेकिन यह नहीं बताता कि उसने उसकी जान बख्श दी है, जबकि उसके दोस्तों ने अन्य शरणार्थियों को मार डाला है। सुहासिनी की जीवन यात्रा और न्याय के लिए उसकी लड़ाई फिल्म के केंद्र में है।

अर्शिन ने खुलासा किया कि सुहासिनी ने जिस तरह का गहरा आघात सहा, उसके कारण उसका किरदार बेहद गंभीर था।

अभिनेत्री ने आगे कहा, उसने अपने परिवार को मरते हुए देखा, जिससे वह गहरे सदमे में चली गई और सामान्य जीवन जीने में असमर्थ हो गई। पूरी फिल्म में कई गंभीर दृश्य थे और भूमिका के साथ न्याय करने के लिए मैं संगीत सुनती रही, जिससे मुझे किरदार में बने रहने और दृश्यों के लिए आवश्यक भावनाओं को बढ़ाने में मदद मिली।

## सीरत कपूर ने ऑफ-शोल्डर मिनी ब्लैक ड्रेस में सोशल मीडिया पर मचाया धमाल



ग्लैमरस अभिनेत्री सीरत कपूर जो अपने बेहतरीन फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं, ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर तापमान बढ़ा दिया है। अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर अभिनेत्री ने एक ब्लैक मिनी ड्रेस में अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिसने उनके फैंस को दीवाना बना दिया है।

इस लेटेस्ट लुक ने उनके फैशनिस्ता के दर्जे को और भी मजबूत कर दिया है, और उनकी इंस्टाग्राम फीड उनके स्टाइल कौशल का प्रमाण है। सीरत को निस्संदेह लोगों का ध्यान आकर्षित करना बखूबी आता है और उनका यह नया लुक भी इसका प्रूफ है—यह निश्चित रूप से आपके दिल को चुरा लेगा।

अपने लेटेस्ट पोस्ट में, अभिनेत्री ने मिश्र इंडिया का एक शानदार आउटफिट पहना है जो उनके शरीर को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट करता है। इस ड्रेस में एक-शोल्डर रफल डिजाइन है और दूसरी ओर एक ऑफ स्लीव है, जो इस आउटफिट को ओवरआल एक शानदार रूप देता है। बॉडीकॉन फिट उनके कर्व्स को निखारता है, जबकि मिनी हेमलाइन उनके लंबे पैरों को हाइलाइट करती है, जिससे यह आउटफिट किसी भी मौके के लिए एक परफेक्ट स्टेटमेंट लुक दे सकता है। एक्सेसरीज़ की बात करें तो उन्होंने इस आउटफिट के साथ लंबे सिल्वर स्टेटमेंट स्टोन इयररिंग्स और एक बड़ा डायमंड फूल के आकार की अंगूठी पहनी है।

# हल्के में न लें बार-बार पेट खराब होने की परेशानी



पेट खराब होना काफी आम होता है. पेट दर्द और कब्ज की वजह से ऐसा हो सकता है. कई बार खराब खाने-पीने की वजह से भी पेट में खराबी आ सकती है.

लेकिन अगर ये समस्या लंबे समय तक बनी रहे तो अलर्ट हो जाना चाहिए. इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं. सही समय पर इसका इलाज करवाना चाहिए, वरना कई गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता है. यहां जानिए पेट खराब होने के 6 मुख्य कारण...

बार-बार पेट खराब होने के 6 कारण

वायरल डायरिया

वायरल डायरिया के नॉर्मल कंडीशन है, जो आमतौर पर अपने आप ही ठीक हो जाती है. अगर संक्रमित खाना और पानी का सेवन करते हैं तो वायरल डायरिया हो सकता है. जिसकी वजह से बार-बार पेट खराब हो सकता है.

पेप्टिक अल्सर डिजीज

पेट की परत में अल्सर के कारण भी लगातार पेट दर्द और इससे जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं. अगर बार-बार पेट खराब हो रहा है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत जाकर डॉक्टर से मिलना चाहिए.

फूड एलर्जी

गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रॉब्लम्स की वजह से खाना को सही तरह पचा पाना मुश्किल होता है, जो पेट खराबी का एक कारण हो सकता है. अगर बार-बार पेट खराब हो रहा है तो आपको फूड एलर्जी भी हो सकती है.

खतरनाक बीमारियां

पेट की परेशानी या बार-बार पेट खराब होना कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों का संकेत भी हो सकता है. इसलिए सावधान रहना चाहिए, खानपान का ध्यान रखना चाहिए और इस तरह की समस्याओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए.

खराब खानपान

अल्ट्रा हाई प्रोसेस्ड फूड्स जैसे ब्रेड, पास्ता, बिस्कुट, नूडल्स, केक या मसालेदार, फैटी खाना या खाने का सही टाइम न होने की वजह से भी पेट में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं हो सकती है.

लाइफस्टाइल में बदलाव

खराब लाइफस्टाइल की वजह से भी पेट में खराबी आ सकती है. तनाव, शराब या धूम्रपान का ज्यादा सेवन पेट को खराब हो सकता है. इसकी वजह से पेट में असहनीय दर्द भी हो सकती है.

पेट की सेहत का ख्याल कैसे रखें

1. घर पर बना खाना ही खाएं,
2. हरी सब्जियां, फल और दही डाइट में शामिल करें.
3. प्रोसेस्ड, मसालेदार और ऑयली चीजों से दूरी बनाएं.
4. शराब और तंबाकू का सेवन न करें.
5. तनाव को मैनेज करना सीखें.
6. लाइफस्टाइल को बेहतर बनाएं.

# सिर में हाथ फेरते वक्त हाथ में आ जाते हैं बाल? रोकने के लिए तुरंत करें ये काम



अपने बालों को खूबसूरत बनाने के लिए लोग काफी कोशिश करते हैं. लेकिन फिर भी बाल झड़ते रहते हैं. बालों का झड़ना एक आम समस्या है, लेकिन अगर बाल लगातार झड़ रहे हैं, तो यह एक बड़ी समस्या हो सकती है. ऐसे में अगर आपके बाल भी लगातार झड़ने लगे हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है. क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिसकी मदद से आप झड़ते बालों को कम कर सकते हैं. आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में.

झड़ते बालों को कम करने के उपाय

अगर आप भी बालों में हाथ फेरते हैं और ऐसा करते वक्त आपके हाथ में बाल आ जाते हैं, यानी आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं और रुकने का नाम नहीं लेते हैं, तो अब आप इन आसान टिप्स को फॉलो कर सकते हैं. झड़ते बालों को रोकने के लिए सबसे पहले आपको नीम का इस्तेमाल करना होगा.

नीम के ताजे पत्ते का इस्तेमाल

आप नीम के ताजे पत्ते को एक बर्तन में रखकर उसमें थोड़ा पानी डालकर गैस पर उस पानी को उबाल सकते हैं. जब पानी आधा हो जाए, तो फिर इस पानी से अपने बालों को धो सकते हैं. आप इस पानी में शैंपू डालकर हेयर वॉश भी कर सकते हैं. इससे आपके बाल मजबूत बनेंगे और झड़ना कम होगा.

मेथी दाने का इस्तेमाल

मेथी दाना आपके बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है. आप मेथी दाने का इस्तेमाल कर अपने बालों को मजबूत बना सकते हैं. यही नहीं मेथी दाना आपके बालों को शाइनिंग देता है. ऐसे में आप मेथी दाने को रात में पानी में भिगोकर रख दें. दूसरे दिन सुबह इसे पीसकर पेस्ट बना ले. इस पेस्ट को अपने बालों पर लगाएं और आधे घंटे के बाद हेयर वॉश कर लें.

अंडे का इस्तेमाल

अगर आप झड़ते बालों को रोकना चाहते हैं, तो अंडा आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है. आप अंडे का इस्तेमाल कर अपने बालों को मजबूत बना सकते हैं. इसके लिए आपको एक अंडे को फैट कर बालों में लगाना होगा. आधे घंटे के बाद आप हेयर वॉश कर सकते हैं. बाल अधिकतर तनाव, नींद की कमी, कमजोरी और स्वस्थ आहार का सेवन नहीं करने की वजह से झड़ने लगते हैं. आप अपनी डाइट में प्रोटीन, विटामिन, आयरन, खनिज जैसे स्वस्थ आहार को शामिल करें और दिनभर में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी जरूर पीएं. यही नहीं भरपूर नींद भी लेना बालों के झड़ने को रोकने के लिए बहुत जरूरी होता है. इससे आपके बाल मजबूत होंगे. इन सभी चीजों का इस्तेमाल कर आप अपने झड़ते बालों को कम कर सकते हैं.

## सलमान खान और अग्नि का गाना यू आर माइन का टीजर रिलीज



बॉलीवुड के भाईजान यानि सलमान खान अपनी फिल्मों को लेकर तो सुर्खियों में बने ही रहते हैं. साथ ही उनको पेंटिंग और सिंगिंग का भी काफी शौक है. सलमान खान के गाने की झलक तो आप पहले ही देख चुके हैं, कुछ वक्त पहले सलमान ने अपने हाथ की कलाकारी की झलक भी पेंटिंग में दिखाई थी. अब सलमान खान और उनके भांजे अग्नि के एक गाने 'यू आर माइन' का टीजर वीडियो जारी किया गया है. यह गाना इसलिए भी खास है, क्योंकि गाने में सलमान खान पहली बार अपने भांजे अग्नि अग्निहोत्री के साथ नजर आने वाले हैं. सलमान खान ने हाल ही में 'यू आर माइन' का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें भाईजान को उनके भांजे अग्नि के साथ मस्ती करते हुए दिखाया गया है. क्लिप में देखा जा सकता है कि सलमान खान पेंटिंग में बिजी हैं, तभी अग्नि उनके पास आते हैं और मस्ती में उनके आर्टवर्क के बारे में सवाल पूछते हैं. वीडियो देखने से पता चलता है कि सलमान और अग्नि की जोड़ी एक रोमांचक प्रोजेक्ट लेकर आ रही है, जिसे लेकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ हैं. सलमान ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो भी पोस्ट किया है. सलमान खान का यह वीडियो एक मस्ती भरी बातचीत पर आधारित है, जिसमें अग्नि की रैपिंग और सलमान के हल्के-फुल्के कॉमेंट्स हैं, जो कि देखने में काफी दिलचस्प है. 'यू आर माइन' गाने में सलमान खान ने अपनी आवाज दी है और अग्नि ने इसमें रैप किया है. इस गाने के बोल संजीव चतुर्वेदी के साथ मिलकर सलमान खान ने लिखे हैं. गाने को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है. बता दें ति अग्नि ने कुछ वक्त पहले अपना एक और गाना और म्यूजिक वीडियो पार्टी फीवर रिलीज किया था. अग्नि ने इस गाने को पायल देव के साथ मिलकर गाया था. सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान की अगली फिल्म सिकंदर है. सिकंदर अगले साल यानि ईद के मौके पर 2025 में रिलीज की जाएगी. इस फिल्म में सलमान खान रश्मिका मंदाना के साथ नजर आने वाले हैं. इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला द्वारा प्रोड्यूस किया गया है और एआर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया है.

# कल्कि 2898 एडी का दबदबा कायम, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मिला दूसरा स्थान



27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी 22 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स पर जारी की गई। कल्कि 2898 एडी के बहुप्रतीक्षित डिजिटल डेब्यू को ओटीटी दर्शकों ने शानदार समीक्षा दी है।

कल्कि 2898 एडी में प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, दिशा पाटनी के अलावा भी कई अभिनेताओं ने अहम भूमिका निभाई है। कल्कि 2898 एडी एक बार फिर से सुर्खियों में है। फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जा चुका है और प्रशंसकों को यह फिल्म बेहद पसंद भी आ रही है।

फिल्म कल्कि 2898 एडी साल 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। फिल्म को दर्शकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। अगर आप किसी कारण से थियेटर्स में इसे नहीं देख पाए हैं, तो अब इसे आप ओटीटी पर देख सकते हैं। बता दें यह फिल्म ओटीटी पर 22 अगस्त को ही जारी की जा चुकी है। कल्कि 2898 एडी ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ जैसी कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। जबकि फिल्म का हिंदी वर्जन उसी दिन नेटफ्लिक्स पर जारी किया गया था। बता दें नेटफ्लिक्स पर अपने पहले वीकेंड में कल्कि 2898 एडी का हिंदी वर्जन रिलीज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म ने दस गैर-अंग्रेजी फिल्मों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। कल्कि 2898 एडी की यह उपलब्धि 19-25 अगस्त, 2024 की है।

कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में भी रिलीज के बाद प्रशंसकों की काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। अब जब फिल्म कल्कि 2898 एडी ओटीटी पर रिलीज हुई है तो इसे ओटीटी पर अभीतक 4.5 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। प्रशंसक इस हफ्ते फिल्म को टॉप पर देखने की उम्मीद कर रहे हैं। यानी थियेटर रिलीज के लगभग दो महीने बाद ओटीटी पर रिलीज हुई कल्कि 2898 एडी को अब आप ओटीटी पर आसानी से घर बैठे देख सकते हैं। अगर आपने अभी तक नहीं देखी है कल्कि 2898 एडी, तो डेट जरूर देख लें, कहीं ओटीटी से गायब ना हो जाए फिल्म।

नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस पौराणिक-विज्ञान कल्कि 2898 एडी में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दिशा पटानी, राजेंद्र प्रसाद, शोभना और बाकी कई सितारों ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित इस फिल्म का साउंडट्रैक संतोष नारायणन द्वारा रचित है। इस फिल्म का सीक्वल कल्कि 2 भी आएगा। अब प्रशंसक इसके सीक्वल के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## शब्द सामर्थ्य -162

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 161 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## पुष्पा द रूल की काउंटडाउन शुरू, सामने आया अल्लू अर्जुन का धांसू लुक पोस्टर



साउथ सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल का इंतजार सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के फैंस को बेसब्री से हो रहा है. फिल्म पुष्पा 2 द रूल पहले बीती 15 अगस्त को रिलीज होनी थी, लेकिन फिल्म की शूटिंग पूरी ना होने की वजह से फिल्म अब दिसंबर में रिलीज होगी. पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के फैंस के लिए एक खास मैसेज छोड़ा है. पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स मूवी मैत्री मेकर्स ने फिल्म से अल्लू अर्जुन का एक धांसू पोस्टर रिलीज किया है. साथ ही बताया है कि अब पुष्पा 2 द रूल की रिलीज में 100 दिन बचे हैं.मैत्री मूवी मेकर्स ने ऑफिशियल फिल्म पुष्पा 2 द रूल से अल्लू अर्जुन का पोस्टर शेयर किया है. मेकर्स ने लिखा है, पुष्पा 2 द रूल की रिलीज में अब बस 100 दिन बचे हैं. फिल्म 6 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है. बता दें, 6 दिसंबर को विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा भी रिलीज होने जा रही है, जिसका हाल ही में टीजर रिलीज हुआ था और टीजर देखने के बाद फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. पुष्पा 2 द रूल में रश्मिका मंदाना एक्टर अल्लू अर्जुन और छावा में विक्की कौशल के अपोजिट नजर आएंगी. ऐसे में एक ही दिन रश्मिका मंदाना दो अलग-अलग फिल्मों में अपने जलवा दिखाने आ रही हैं. पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसकी बात करें तो इसमें में अल्लू अर्जुन का पुष्पराज स्टाइल में स्वैग दिख रहा है.

# भाजपा सरकार में प्रशासन के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का फूका पुतला

## दण्डाधिकारी के आदेश के बिना अधिकारियों/पुलिसकर्मियों ने लाठीचार्ज किया, क्या साय सरकार उनपर कार्यवाही करेगी?





**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के भिलाई, जिला-दुर्ग में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये दमनात्मक कार्यवाही/लाठीचार्ज व 150 से अधिक कांग्रेसजनों पर दर्ज एफ.आई.आर. के विरोध में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का पुतला दहन समस्त प्रदेश के जिले में था वही जिला मुख्यालय कोरिया में कांग्रेस ने बैकुंठपुर कुमार चौक पहुंचकर भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया।

कांग्रेसजनों का कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार हमको संविधान में मिला हुआ है. सरकार चाहे जो हथकंडे अपना ले, हम डरने वाले नहीं हैं. शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार भारत के संविधान द्वारा संरक्षित एक मौलिक अधिकार है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन नागरिकों की आवाज उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और यह हमारे लोकतंत्र की मजबूती और जीवंतता का प्रतीक है। जिलाध्यक्ष प्रदीप ने कहा कि जब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज किया गया क्या उस दौरान लाठी चार्ज करने हेतु कानून अनुसार क्षेत्राधिकारी कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित किया गया था? पुलिस को यह अधिकार नहीं है कि वह अपने बल का प्रयोग शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को कुचलने के लिए करे। साय सरकार से मांग हैं इस मामले की गहन और निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर, पदाधिकारी पर दर्ज मामलों को वापस लिया जायें और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं जिससे फिर कभी हमारे संविधान की भावनाएं आहत ना हों। कार्यक्रम पर मौजूद जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, अनिल जायसवाल, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, आशीष यादव, गणेश राजवाड़े, सुमन दुबे, आशू कुजूर, सुरेंद्र तिवारी, संगीता रवि राजवाड़े, ललिता सिंह, विकाश श्रीवास्तव, छोटे खान, रामकृष्ण साहू, धीरज सिंह, सौरभ गुप्ता, अशीष अग्रहरी, अशीष डबरे, शाहब अख्तर, मनीष सिंह, अंकित गुप्ता, विपुल शुक्ला, मोनू माझी, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, रामसाय सोरी, संजय खलखो, अर्शद इरफान, अमित गुप्ता, हीरालाल साहू, राजेश कुर्रे, मकबूल खान, फैजान, महमूद खान, अरशद साय सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई साथ ही अधिक मात्रा में ऊर्जावान कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सात डांसर के जीवन पर फिल्म जुनून और जमाना का ट्रेलर सितम्बर में रिलीज होगा

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के सात डांसर के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म जुनून और जमाना की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म का प्रोडक्शन इनसाइड मी ओरिजिनलस के बैनर तले हुआ है। जैसा कि फिल्म के नाम से अंदाजा लगा सकते हैं कि यह फिल्म सात अलग-अलग परिवार में जन्मे ऐसे डांसरों के बारे में है जिनमें बचपन से ही कुछ कर गुजरने का जुनून होता है लेकिन लोग उन्हें समझ नहीं पाते और अक्सर इन लोगों की भावनाओं को दबाने का प्रयास करते है पर डांसर जमाने की परवाह ना करते हुए अपने जुनून के साथ आगे बढ़ते रहते हैं। फिल्म का मुख्य उद्देश्य लोगों में कला के प्रति जागरूकता लाना और युवा पीढ़ी को निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा प्रदान करना है। बता दें कि हालंही में इनसाइड मी की टीम ने फिल्म की 20 दिनों की शूटिंग शेड्यूल खत्म किया है। फिल्म की शूटिंग रायपुर, कोरबा, भिलाई में हुई है। क्रिएटिव हेड दिव्यांश सिंह व कोरिया जिले के पटना क्षेत्र के युवा निर्देश शर्मा डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी हैं। फिल्म में मुख्य कलाकार रितेश पाल (डांस प्लस प्रो विजेता), शबनम खान (बिग मेमसाब प्रतियोगी), अन्वेषा भाटिया (सुपर डांसर महाराष्ट्र), कल्पिता सिंह (फ्लाइंग जट फेम), अनिल तांडी (सुपर डांसर चैप्टर-3, नच बलिये-9), लक्ष्मण कुम्भार (सुपर डांसर सीजन-1), ईश्वर निकोन (डिस्ट्रिक्टिव स्टेप्स 2021 विजेता) इन सभी कलाकारों के जीवन की रोचक आत्मकथा है, फिल्म का ट्रेलर सितम्बर के महीने में रिलीज होगा। क्रिएटिव हेड दिव्यांश सिंह व निर्देश शर्मा ने बताया कि फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन और मार्केटिंग का कार्य शुरू हो गया है। यह फिल्म इनसाइड मी ओरिजनल्स के यूट्यूब पर रिलीज होगी। टीम के अनुसार इस फिल्म को अक्टूबर के अंत तक रिलीज किया जाएगा।

# सरस्वती सायकिल योजना से छात्राओं को मिली राहत



**कोरिया।** सरस्वती सायकिल योजना के तहत कक्षा नवमी की छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई, जिससे वे स्कूल पहुंचने में आसानी महसूस कर रही हैं। पहले छात्राओं को छह-सात किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी, जिससे काफी समय और ऊर्जा बर्बाद होती थी। अब साइकिल मिलने से वे कम समय में स्कूल पहुंचने लगी हैं और उनकी पढ़ाई में भी सुधार हो रहा है।

साइकिल मिलने से अब घर के सभी सदस्य बहुत प्रसन्न है। अन्य लड़कियों को साइकिल से स्कूल आते देखकर मुझे भी साइकिल चलाकर स्कूल आने का मन करता था। यह तो जिला प्रशासन की पहल से शिक्षा विभाग की सरस्वती सायकल योजना ने सपने को साकार की साथ ही पढ़ाई-लिखाई व अन्य कार्यों में भी अब यह सायकिल मददगार साबित हो रहे हैं। यह बात साझा की जिले के ग्राम पंचायत नगर में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में साइकिल प्राप्त की कक्षा नवमी की छात्राओं ने। ग्राम जगतपुर की रहने वाली कुमारी डिम्पल ने बताया कि वे साइकल मिलने से बहुत खुश हैं। अब करीब छह-सात किलोमीटर पैदल स्कूल पहुंचने की समस्या दूर हुई। इसी तरह ग्राम तिलवन डाँड़ से कुमारी वंदना कुर्रे, उजियारपुर की कुमारी पलक, रटगा से अन्नू देशमुख ने सरस्वती साइकिल मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें स्कूल आने के लिए घर से करीब एक-डेढ़ घण्टे पहले निकलना होता था, कभी पैदल तो कभी किसी के साथ बैठकर आते थे।

लेकिन अब सायकिल मिलने से उन्हें इस परेशानियों से छुटकारा मिली है। इन छात्राओं के चेहरों पर आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। उन्होंने जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी और शिक्षा विभाग का धन्यवाद किया और कहा कि वे इस साइकिल की देखभाल करेंगे और पूरी मेहनत से पढ़ाई कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत पक्का पशु शेड बन जाने से उनकी सहूलियतें बढ़ गईं

# दुग्ध उत्पादन से अतिरिक्त आमदनी का लाभ ले रहे हैं मनरेगा के लाभार्थी दीपक





**कोरिया।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अब पंजीकृत श्रमिकों को केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक ही सीमित नहीं है, अपितु यह पंजीकृत श्रमिक परिवारों को अब अकुशल रोजगार से आगे बेहतर आजीविका की ओर ले जाने का कार्य भी कर रही है। ऐसे ही एक कार्य का सुंदर उदाहरण विकासखण्ड बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना में रहने वाले दीपक के परिवार का है। यह परिवार अब अकुशल श्रम से आगे स्वरोजगार की दिषा में कुछ कदम आगे बढ़ चुके हैं और इस कार्य में मनरेगा के तहत बनने वाले पक्के पशु शेड ने उनकी मदद की है। वह खुद कहते हैं कि अब रोजगार की चिंता खत्म हो गई है, हर महीने आठ से दस हजार रुपए की आमदनी दूध बेचकर हो जाती है इससे उनके परिवार के लिए एक नियमित आय का साधन बन गया है।

इस कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना में पंजीकृत श्रमिक दीपक का परिवार निवासरत है। उनके परिवार के पास ज्यादा बड़ा मकान ना होने के कारण वह अच्छी तरह से पषुपालन करने में असमर्थ थे। उनके परिवार ने अपने भूमि पर पक्का पशु शेड बनाने का आवेदन ग्राम पंचायत में दिया जिसे ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर स्वीकृत कर ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाया गया। इसके लिए एक लाख पचीस हजार रुपए की राशि खर्च कर गत वर्ष इनका कार्य पूर्ण कराया गया। इस निर्माण कार्य में तकनीकी देखरेख सत्यप्रकाश ने की। इस निर्माण कार्य में श्रमिक के रूप में कार्य करके भी दीपक को चार हजार रुपए का मनरेगा पारिश्रमिक भी प्राप्त हुआ। आज इनके पास दो दुधारू गाय हैं इनसे प्रतिदिन सात लीटर से अधिक दुग्ध का उत्पादन हो रहा है। इससे दीपक के परिवार को लगभग आठ से दस हजार रूपए प्रतिमाह की अतिरिक्त आमदनी का स्रोत बन गया है। मनरेगा के हितग्राही दीपक और उनका परिवार अब बेहतर जीवन यापन की दिषा में आगे बढ़ रहे हैं।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कुशल प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**कोरिया।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशन में 27 एवं 28 अगस्त को जिला पंचायत ऑडिटोरियम में शिक्षा से वंचित लोगों को साक्षर बनाने संकुल स्तर के कुशल प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ में शिक्षा से वंचित लोगों को साक्षर बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक नई पहल की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अब सब्जी अनाज फल रेत गिट्टी लकड़ी और खेत खलिहान जैसे रोजमर्रा के जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं के माध्यम से अक्षर और अंक ज्ञान सिखाया जाएगा। 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आयोजित जिला स्तरीय कुशल प्रशिक्षकों की कार्यशाला में इस कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में लागू करने के लिए विशेष रणनीतियाँ तैयार की गईं। इस प्रशिक्षण में 104 कुशल प्रशिक्षकों और राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके स्त्रोत व्यक्ति उपस्थित रहे।

उल्लास साक्षरता केंद्रों के माध्यम से असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इन केंद्रों में अक्षर और अंक ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल की शिक्षा भी दी जाएगी। खेल गीत और अन्य रोचक गतिविधियों से कक्षाओं को अधिक प्रभावी और आनंददायक बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यशाला में 'उल्लास प्रवेशिका के उपयोग पढ़ाने के रोचक तरीकों और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे कि दीक्षा पोर्टल और एनसीईआरटी के यूट्यूब चौनल का उपयोग करने पर भी चर्चा की गई। उल्लास एप्प का भी उपयोग शिक्षण में किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के तहत सभी को स्वयं शिक्षक बनकर असाक्षरों को साक्षर करने का संकल्प दिलाया गया।

कुशल प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु स्त्रोत व्यक्ति के तौर पर कार्यक्रम नोडल विजय नाथ बाजपई राजकुमार पॉल और अलीशा शेख उपस्थित रहे। जिन्होंने विभिन्न विषयों पर सत्र वार प्रशिक्षण प्रदान किया। जिला पंचायत ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय कुशल प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, डीपीओ के.के. गुप्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंत में सभी कुशल प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## मृतकों के वारिसों को 8 लाख रुपये की मंजूरी

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 01 दिसम्बर 2022 में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक 6 (4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-1 (1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान है। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर बैकुण्ठपुर से मिली जानकारी अनुसार बैकुण्ठपुर तहसील के ग्राम रामपुर के आर्यन की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिश रेखा दास एवं ग्राम पटेलपारा, डुभापानी के जगबंधन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश रामवती को क्रमशः 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत की गई है।



## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल

**कोरिया।** राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर आज जले के सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई गई। शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आषुतोष चतुर्वेदी, ने स्कूली के बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बहुत पुराना स्कूल है। आप लोग अच्छी पढ़ाई कर आगे बढ़े और स्वस्थ्य रहें। उन्होंने कहा कि एल्बेंडाजोल की दवा सुरक्षित है। स्कूली बच्चों के दवा सेवन से उनके बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को आपसी समन्वय से जनजागरूकता बढाते हुए लक्ष्य पूरा करने कहा तथा ज्यादा से ज्यादा बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल का सेवन करने अपील की। अध्यक्ष श्रीमती कुसरो ने कहा कि कृमिनाशक दवा के सेवन से बच्चों का बौद्धिक विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर तथा रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मिट्टी, पानी और वातावरण के कारण बच्चे और बड़े दोनों में कृमि हो सकता है। उन्होने छात्रों से अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखने को कहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल खाने एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 01 से 19 वर्ष तक के सभी किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। यदि कोई बच्चे छुट जाते है तो उन्हे मॉकअप दिवस 4 सितम्बर को एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा। इस अवसर पर निर्वाचित जन प्रतिनिधियों गणमान्य नागरिक एवं अधिकारियों द्वारा स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक कृष्ण बिहारी जयसवाल, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जयसवाल, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं स्कूल के शिक्षकगण बच्चे उपस्थित थे।

## श्रमिक की मेधावी बिटिया का हुआ सिपेट में चयन

**कोरिया।** शासन की योजना किस तरह परिवार व समाज में सुखद बदलाव लाने में मदद करती है, इसका मिसाल जिले के ग्राम आनी निवासी श्रमिक श्रीमती निर्मला साहू बन गई है। बता दें श्रम विभाग के छत्तीसगढ़ भवन एवं सनिन्नर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में श्रीमती निर्मला साहू पति भगवन्ता साहू का श्रमिक के रूप में पंजीयन हुआ है। विगत दिनों जन चौपाल में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के समक्ष श्रीमती निर्मला साहू की बिटिया कुमारी मंजू साहू ने रायपुर के सिपेट ( सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) में चयन होने की जानकारी दी, साथ ही आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक परेशानियों का हवाला दी तो तत्काल जिला श्रम पदाधिकारी को बुलाकर जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक कुमारी मंजू साहू की मां श्रीमती निर्मला साहू का श्रम कार्ड बने होने तथा श्रमिको के बच्चों को पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत राशि दिए जाने का प्रावधान बताया गया। अब इस योजना के तहत मंजू साहू को सिपेट में पढ़ाई के लिए 93 हजार रुपए दी जाएगी। श्रीमती निर्मला साहू उनके पति खेतीहर मजदूर श्री भगवन्ता साहू व कुमारी मंजू साहू ने कलेक्टर की इस पहल पर आभार जताया है और उन्होंने श्रमिक भाई-बहनों से अपील की है कि वे भी श्रम कार्ड बनाएं और शासन की योजनाओं का लाभ लें।



## ग्राम पंचायतो में पढ़कर सुनाया जा रहा है बी-वन खसरा

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देषानुसार जिले के समस्त ग्राम पंचायतो में कृषको को बी-वन, खसरा पढ़कर सुनाया जा रहा है। साथ ही राजस्व अभिलेख में त्रुटि पाये जाने पर कृषको के समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही कलेक्टर ने गिरदावरी के कार्य को शत-प्रतिशत त्रुटि रहित करने के लिए हल्का पटवारी, ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के संयुक्त टीम गठित कर गिरदावरी का कार्य किया जा रहा है।

## सार्वजनिक वाहनों में लगेंगे व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस

**सूरजपुर।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के उपस्थित में ली गई। इस दौरान उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं इसके संबंध में जागरूकता की आवश्कता पर चर्चा की। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिल भगत, पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यातायात विभाग के अधिकारी सर्व नगपालिका अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने चौखट तक पहुंची प्रशासन



**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनता के नाम सन्देश में कहा था कि किसी तरह की बीमारी हो जाने पर सबसे ज्यादा चिंता आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उठानी पड़ती है। इसे को देखते हुए प्रदेश में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। इन दोनों योजनाओं से प्रदेश के 77 लाख 20 हजार परिवारों को पांच लाख रुपए तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी प्रदेश में तेजी के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया है।

इसी कड़ी में जिला प्रशासन कोरिया द्वारा डोर टू डोर आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह व अन्य डॉक्टरों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में घर-घर पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक विगत तीन दिवस के भीतर डोर टू डोर अभियान के तहत बैकुंठपुर विकासखण्ड में 1171, सोनहत विकासखण्ड 388 तथा पोड़ी बचरा तहसील में 354 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। बता दें प्रत्येक व्यक्ति का राशन कार्ड एवं आधार कार्ड के माध्यम आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पंजीकृत चिकित्सालयों में योजना के निर्धारित चिकित्सा पैकेजों के माध्यम से अन्त्योदय एवं प्राथमिकता के राशन कार्डधारी परिवारों को अस्पताल में भर्ती होने पर प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जाती है।उपरोक्त श्रेणियों के अतिरिक्त शेष राशन कार्डधारी परिवारों को पंजीकृत चिकित्सालयों में भर्ती होने पर प्रतिवर्ष, प्रति परिवार 50 हजार रुपये तक के निःशुल्क उपचार प्रदान की जाती है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा है कि शासन के मंशानुरूप आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य मे तेजी लाई गई है ताकि पैसे के आभाव में किसी भी व्यक्ति का उपचार से वंचित न होना पड़े।

## कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वार्डों का करेंगे दौरा

**कोरबा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दीपका के ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह कांग्रेसियों के साथ मिलकर वार्डों का दौरा करेंगे। इनके साथ जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी साथ रहेंगे। नगर पालिका परिषद चुनाव को देखते हुए उन्हें क्षेत्र में दौरा करने कहा गया है। वे आज से उपाध्यक्ष विशाल शुक्ला, प्रशांति सिंह, एलिन एक्का सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ दौरा करेंगे। इसी तरह बांकीमोंगरा के ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर भी अपने नगर पालिका क्षेत्र में वार्डों का दौरा करेंगे। वैसे यहां के नागरिक परिसीमन का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इसके पहले भी नगर पालिका चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने कहा गया है। उनके साथ राजेश मानिकपुरी, संजय विश्वास, विनोद अनंत, धर्मेन्द्र गजभिए सहित अन्य कार्यकर्ता वार्डों का दौरा करेंगे। युवा कांग्रेस के कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान भी अब पंचायत चुनाव सहित नगर पालिका चुनाव को देखते हुए गांवों में जाकर बैठक लेंगे। उनके साथ दीपेश यादव, शत्रुघ्न पटेल, तारेश राठौर, सनीदेव सहित अन्य कार्यकर्ता भी रहेंगे।

## बिजली कर्मचारी संघ ने किया पौधारोपण

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ लैंको के द्वारा संयंत्र परिसर में पौधारोपण किया गया। 28 अगस्त को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाते हुए प्रत्येक वर्ष पौधारोपण किया जाता है। लैंको में भीम चौहान, शिव पाटले के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इसी तरह भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा ग्राम सिरकी में संगोष्ठी का आयोजन करते हुए स्कूल में पौधे लगाए गए। इस दौरान प्रीतम राठौर, अमिया मिश्रा, मदन सिंह, विरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता भी थे। भामसं के द्वारा 4 सितंबर को भी एक संगोष्ठी का आयोजन जेपी कालोनी स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित किया गया है जिसमें अधिकारियों के अलावा राष्ट्रीय सचिव आर.एस.जायसवाल, टिकेश्वर राठौर, नवरतन बरेठ, अजय मिश्रा, केदार राठौर, संदीप राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## शक्ति केंद्रों में भाजपा की होगी बैठक

**कोरबा।** सदस्यता अभियान को देखते हुए भाजपा ने सभी मंडलों में अलग-अलग बैठक लेते हुए संयोजकों की नियुक्ति कर दी है। अब शक्ति केंद्रों में पांच लोगों की टीम तैयार की गई है। बांकीमोंगरा मंडल में लखेश्वर खूंटे को संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा कल कुदमुरा मंडल की बैठक ली जाएगी। इस बैठक में भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी, संदीप सहगल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस बैठक के बाद सभी मंडलों की बैठक पूरी हो जाएगी। शक्ति केंद्रों में पांच सदस्यों की टीम बनाते हुए बैठक का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

## बैठक कल

**कोरबा।** शासकीय हाईस्कूल बोकी साईट में 31 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे से छग शिक्षक कोट्रोस की प्रांतीय बैठक आयोजित की गई है। जिसमें प्रान्ताध्यक्ष अनिल शुक्ला, प्रान्तीय पदाधिकारी सुनील यादव , अतुल काम्ब्ले रोशन नेमी , जे. पी. कोशले, जी.एस. बनाकर , विजय कुमार सिदार के साथ-साथ विभिन्न संगठन के जिलाध्यक्ष एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित होंगे। जिसमें शिक्षकों की विभिन्न समस्यायें तथा बरिष्ठ शिक्षकां सम्मान किया जावेगा। व्याख्याता डॉ. रूप नारायण चंद्रा ने संगठन के सभी प्रतिनिधियों को उपस्थित होने को कहा है।

## गांव में फैला डायरिया

**कोरबा।** पाली विकासखंड के दौरीकलारी गांव में डायरिया फैलने से 30 ग्रामीण बीमार हो गए। इन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

# बीम डालकर 8 लाख निकाले, अब खुले में अंतिम संस्कार करने की मजबूरी

### सरकारी रूपयों की रिकवरी पर फंसा पेंच

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार पर्याप्त फंड आवंटित कर रही है ताकि वहां पर सुविधा उपलब्ध होने में समस्या ना हो सके। कुछ इलाकों में सरकार की इस उदारता का अनुचित लाभ लिया जा रहा है। कोरबा जिले के पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले मुड़पार ग्राम पंचायत में इसी प्रकार का कारनामा हुआ है और इसका नतीजा है कि अब आधे अधूरे मुक्तिधाम में सब अंतिम संस्कार खुली स्थिति में करना पड़ रहा है। इस मामले में जांच के आदेश दिए जरूर गए हैं लेकिन रिकवरी पर पेंच फंस गया है।



कोरबा जिले में अनेक पंचायत संस्था में सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किए जाने के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। इसके पीछे कई प्रकार की चालबाजी की जा रही है ताकि धनराशि से अपनी समृद्धि के दरवाजे खोले जा सके। तरुण छत्तीसगढ़ को मिली जानकारी में बताया गया है कि पाली विकासखंड के मूल पर ग्राम पंचायत में सरकार की योजना के अंतर्गत मुक्तिधाम का निर्माण करने के लिए 10 लाख मंजूर किए गए थे। इससे सर्व सुविधायुक्त मुक्तिधाम का निर्माण यहां पर होना था। स्थानीय स्तर पर यह व्यवस्था होने से लोगों को सहूलियत मिलती और हर मौसम में वे परेशानियों से बच सकते थे। बताया गया कि सरपंच और पूर्व सचिव ने मिलकर योजना पर काम शुरू किया लेकिन मुक्तिधाम का काम पूरा किए बिना ही 8 लाख रुपए का आहरण कर लिया। बताया गया कि गांव में मुक्तिधाम के नाम पर केवल बीम का स्ट्रक्चर ही खड़ा किया गया है। बाकी कोई काम यहां पर नहीं हो सका है। इस प्रकार की अनियमितता के कारण अब हालात यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली मौत के मामले में मृतकों के अंतिम संस्कार खुली स्थिति में करने की मजबूरी है। गर्मी और ठंड के सीजन में किसी तरह कामकाज निपटा जाता है लेकिन बारिश का मौसम इस प्रकार की घटनाओं के लिए कई प्रकार की मुश्किल खड़ा करता है और मृतकों की परिजन सहित अन्य लोगों को दुश्वारियां से दो-चार होना पड़ता है। पंचायत के मौजूदा सचिव से इस बारे में चर्चा हुई तो उन्होंने बताया कि मुक्तिधाम से संबंधित कामकाज के लिए जो धनराशि विड्रॉ की गई है वह पिछले सचिव के कार्यकाल से संबंधित है और उसका निधन हो चुका है। इस मामले में जानकारी यह भी मिली है कि प्रकरण पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के संज्ञान में आने पर रिकवरी का नोटिस दिया गया है। लेकिन सवाल उठ रहा है कि आखिर किस प्रकार से यह कार्रवाई संपन्न हो सकेगी।

### कई पंचायतों को नोटिस

पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दो विकासखंड में आर्थिक अनियमितता के मामले जिले में सबसे ज्यादा है। अलग-अलग तरीके से सरकारी धन राशि पर पलीता लगाने का काम सरपंच और सचिवों ने किया है। मामले सामने आने पर प्रशासन ने संज्ञान लेकर रिकव्हरी का नोटिस जारी कर दिया। इस पर राजनीतिक तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि चुन-चुनकर खास सरपंचों को टारगेट किया गया है।

## जंगल में पकड़े गए शातिर जुआरी



**कोरबा।** जंगल में जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। उरगा पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है। मुखबीर के माध्यम से पुलिस को चिचोली गांव के जंगल में जुए की फड़ सजी होने की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम ने छापामार कार्रवाई कर 6 जुआरियों को पकड़ लिया,जबकि बाकी फरार हो गए। मौके से पुलिस ने करीब 45 हजार रुपए नकदी रकम,11 बाइक और पांच मोबाईलों को जप्त किया है। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ अधीनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

कोरबा की उरगा पुलिस ने जुए के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। चिचोली गांव के जंगल में जुआ खेल रहे आधा दर्जन जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने करीब 45 हजार रुपए नकदी रकम,11 बाइक और पांच मोबाईलों की जप्ती बनाई है,जिनकी लागत सात लाख रुपए है। मुखबीर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी,कि चिचोली गांव के जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। इस आधार पर पुलिस की टीम तैयार हुई। मुख्य मार्ग से करीब दो किमी अंदर जुआ चल रहा था। पुलिस की टीम जैसे ही मौके पर पहुंची जुआरियों में भगदड़ मच गई और जुआरी इधर उधर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर 6 जुआरियों को पकड़ लिया,लेकिन बाकी भागने में सफल हो गए। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ अधीनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### शुक्लाखार में चर्चित हुआ था जुआ

पिछले वर्षों में बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के शुक्लाखार जंगल में जुआ की संगठित फड़ सुर्खियों में आई थी। यहां दोपहर से रात तक कोरबा सहित कई जिलों के जुआरियों की जमघट लगती थी और प्रतिदिन लाखों के वारे-न्यारे होते थे। मौके पर खाने-पीने की अच्छी व्यवस्था के साथ सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध भी होते थे ताकि खतरा न हो। कई सफेदपोश भी इसमें शामिल रहे। लंबे समय तक यह खेल जारी रहा और फिर विवादित होने के बाद इस अवैध कारोबार पर अंकुश लग सका।

# सीलन से गिरी दीवार, दबने से एक मृत

**कोरबा।** तुलसीनगर में शुक्रवार की सुबह नहर किनारे मौजूद एक मकान की दीवार एकाएक गिर गई। उसके नीचे दबने से तिरगा मलिक मरणासन्न अवस्था मे पहुच गया। लोगों ने उसे आननफानन में बाहर निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया,जहां डॉक्टर ने परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना है,कि घटना स्थल के पास अगर नाली बनाई गई होती तो यह हादसा नहीं होता।



सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका निगम के वार्ड क्रमांक 2 साकेत नगर क्षेत्र में आने वाले तुलसी नगर में यह घटना हुई है। यहां घर की दीवार ढहने से उसके मलबे के नीचे एक वृद्ध दब गया,जिससे उसकी मौत हो गई । बताया गया कि जल संसाधन विभाग की हसदेव लेफ्ट बैंक नहर किनारे मौजूद मकान की दीवार अचानक गिरी,जिससे वृद्ध तिरंगा मलिक को संभलने का मौका ही नहीं मिला वह मलबे में दब गया। स्थानीय लोगों ने उसे निकालकर जिला अस्पताल ले गए,जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है। बताया जा रहा है,कि बारिश के प्रभाव से पूरे घर में सीलन फैल गई थी,जिसके कारण यह हादसा हुआ। लोगों ने यह भी बताया,कि यहां पर बारिश का पानी निकालने के लिए नाली ही नहीं बनाया गया,जिसके कारण हादसा हो गया। कोरबा के और भी स्लम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण जल जमाव से खासतौर पर कच्चे मकान के सामने समस्याएं बनी हुई है। अधिक समय तक पानी की उपस्थिति होने से यहां सीलन की समस्या ने मकान को खतरे की स्थिति में डाल दिया है। अपेक्षित सुधार नहीं होने से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। इस डर ने संबंधित क्षेत्र के लोगों को भयभीत कर रखा है।

## मकान में मिला महिला का शव

**कोरबा।** सिविल लाइन पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले बुंदेली गांव में एक मकान में महिला का शव मिला है। उसकी पहचान अनीता मंजवार के रूप में की गई है। कुछ वर्ष पहले महिला के पति की मौत हो चुकी है। यहां पर वह दो बच्चों के साथ रहती थी। खबर के मुताबिक हाल में ही उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने यहां का रुख किया। आवाज दिए जाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पुलिस को अवगत कराया गया। इसके बाद भीतर जांच करने पर महिला को असामान्य स्थिति में पाया गया। इस प्रकरण में वास्तविकता क्या हो सकती है यह जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

## प्रतिभाओं को मंच देने के लिए काम : हेमंत

**कोरबा।** ललित कला और रंगमंच के लिए काम करने वाली अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए अपनी भूमिका को जारी रखा है। प्रांतीय प्रतिनिधि हेमंत माहुलिकर ने बताया कि अलग-अलग विधा में रुचि रखने वाले कलाकारों की खोज करने के साथ उनका परिष्कार किया जा रहा है। हेमंत ने बताया कि पिछले वर्षों से संस्कार भारती ने अखिल भारतीय स्तर पर अपनी भूमिका को सुनिश्चित किया है और अलग-अलग क्षेत्र में सक्रिय कलाकारों को मार्गदर्शन देने के साथ उन्हें अच्छे मंच दिलाने में सहायता की है। साहित्य, संस्कृति, कला और लोक जीवन से संबंधित कई प्रकार के क्षेत्र को हमने शामिल किया है। इसमें कई प्रकार की सफलता हमें मिली है और देश भर के कोने-कोने से संभावनाशील कलाकारों से परिचय हुआ है। इसका लाभ यह हुआ कि संस्कार भारती के कार्यों को विस्तार प्राप्त हुआ और कलाकारों को अपनी कला की चमक बहुत बड़े क्षेत्र में विस्तारित करने के लिए जमीन मिली। बड़े हिस्से में उन्हें जाने का अवसर प्राप्त हुआ और उन्होंने बहुत कुछ सीखा।

## बुगल के पुण्यतिथि पर मरीजों को किया जाएगा फल वितरण

**कोरबा।** दीपका नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष स्व. बुगल कुमार दुबे की पुण्यतिथि के अवसर पर आज भारतीय जनता युवा मोर्चा दीपका मंडल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष सुजीत सिंह ने बताया कि उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बजरंग चौक में भी आज शाम को कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनावें।



# भर्रापारा में दंतैल ने रात भर मचाया उत्पात, ग्रामीण सहमे

## आंगनबाड़ी समेत तीन मकानों को तोड़ा, रौंदी मक्का व धान फसल

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में पहुंचे दंतैल हाथी ने यहां के कुम्हारीशानी पंचायत के भर्रापारा में रात भर उत्पात मचाया। इस दौरान दंतैल ने आंगनबाड़ी समेत तीन मकानों को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया। इतना ही नहीं ग्रामीणों के खेतों व बाड़ी में लगे धान व मक्का की फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण सहमे रहे। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में मौजूद दंतैल हाथी गुरुवार की रात जंगल से निकला और पसान रेंज अंतर्गत आने वाले कुम्हारीशामी पंचायत के भर्रापारा में उत्पात मचाते हुए जमकर कहर ढाया। इस दौरान दंतैल ने आंगनबाड़ी समेत दो ग्रामीणों के मकान को निशाना बनाते हुए ढहा दिया। दंतैल का उत्पात पूरे रात भर चला। उसने कुछ ग्रामीणों के बाड़ी में घुसकर वहां लगे मक्का के पौधों को तहस नहस कर दिया। इतना ही नहीं खेतों में पहुंचकर धान की फसल को भी रौंद डाला। दंतैल की पहुंचने की सूचना पर एआरओ ईश्वर दास मानिकपुरी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और गांव में मुनादी कराने के बाद ग्रामीणों की मदद से उत्पाती दंतैल को खदेड़ा। खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख कर लिया। वन विभाग की सक्रियता से जनहानि नहीं हो सकी लेकिन दंतैल ने घरों को तोड़कर फसलों को रौंद संपत्ति को जरूर नुकसान पहुंचा दिया। वन अमले ने दंतैल व रात में किए गए नुकसानी का आज सुबह होने पर आंकलन किया और रिपोर्ट तैयार कर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दिया। अधिकारियों द्वारा इसे वनमंडल कार्यालय भेजा जाएगा जहां स्वीकृति पश्चात पीड़ितों को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल के केंदई, पसान, जटगा एवं ऐतमानगर क्षेत्र में 48 हाथी लंबे समय से विचरणरत हैं। समय-समय पर हाथियों द्वारा मचाए जा रहे उत्पात से ग्रामीण दशहत में है।



नम: शिवाय
बेचना है
इंदिरा स्टेडियम रोड कोरबा में 1 एकड़ + व्यवसायिक प्लाट, दुकान और भी बहुत कुछ उपलब्ध है।
संपर्क करें
62681-46606

# और करोगे नियमों से खिलवाड़, 48 हजार की पेनल्टी

**कोरबा।** ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने शक्ति तेज की है। कटघोरा में पिछली रात 11:00 तक पुलिस ने चेकप्वाइंट लगाकर वाहनों की जांच पड़ताल की इस दौरान 12 वाहनों पर कार्रवाई हुई। पुलिस ने इन मामलों में 48000 की पेनल्टी वसूल की है। अभियान को आगे भी जारी रखना की योजना बनाई गई है।



विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सड़क हादसों और इनमें भारी नुकसान को देखते हुए अब पुलिस किसी प्रकार की ढिलाई बरतने की मानसिकता में नहीं है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कटघोरा क्षेत्र में पुलिस ने ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की खबर लेना तेज किया है। थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी और उनकी टीम ने पिछली रात्रि को मुख्य मार्ग पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और वाहनों की जांच पड़ताल की। इस दौरान सीट बेल्ट से लेकर एल्कोमीटर से जांच की गई। वाहनों के मानक को भी ध्यान में रखा गया। बताया गया कि इस दौरान कल 12 वाहन चपेट में आए। इनमें से तीन के चालक को नशे की स्थिति में पाया गया। ड्रंकन ड्राइव के इन केस में 10 -10 हजार की पेनल्टी की गई। अन्य 9 मामलों में ?18000 की पेनल्टी अधिरोपित की गई है। मोटर व्हीकल और अन्य अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने बताया कि नाबालिकों के द्वारा बाइक का इस्तेमाल करने के मामलों में भी कार्रवाई शुरू की गई है और इस बारे में उनके अभिभावकों को अलर्ट किया गया है। सड़क पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ पुलिस ने वाहन चालकों और लोगों को जागरूक करने के लिए भी कोशिश जारी रखी है। एलईडी स्क्रीन पर ट्रैफिक रूल्स का पालन करने सहित दुर्घटनाओं से बचने के लिए यथासंभव प्रयास किया जा रहे हैं।विद्यालयों में कैंप करने के साथ बताया जा रहा है कि ट्रैफिक रूल्स क्या होते हैं और सड़क पर इनका पालन करना क्यों जरूरी है। शिक्षकों को कहा गया है कि वह अपने स्तर पर भी विद्यार्थियों को जागरूक करें।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com